दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 14 | टोंक | शनिवार,17 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष द्वा./त्रयोदशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का ऐलान

### मनोज बाजपेयी की गुलमोहर बेस्ट हिंदी फिल्म, कांतारा के लिए ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर बने



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शुक्रवार को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का अनाउंसमेंट किया गया। इसमें मनोज बाजपेयी और शर्मिला टैगोर की फिल्म गुलमोहर को बेस्ट हिंदी फिल्म चुना गया है। कांतारा ने बेस्ट एक्टर और बेस्ट फिल्म के अवॉर्ड अपने नाम किए। फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर चुने गए हैं। तमिल फिल्म तिरुचित्राम्बलम के लिए नित्या मेनन और गुजराती फिल्म कच्छ एक्सप्रेस के लिए मानसी पारेख बेस्ट एक्ट्रेस बनी हैं।

#### सूरज बड़जात्या बने बेस्ट डायरेक्टर

फिल्म ऊंचाई के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड सूरज बड़जात्या को मिला है। इसी फिल्म के लिए नीना गुप्ता ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है। प्लेबैक सिंगिंग कैटेगरी में ब्रह्मास्त्र के लिए अरिजीत सिंह ने अवॉर्ड जीता है। ये अवॉर्ड उन फिल्मों के लिए दिए गए हैं जिन्हें फिल्म सेंसर बोर्ड ने 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2022 के बीच सेंसर सर्टिफिकेट दिया है।

## उद्धव बोले- चुनाव से पहले सीएम फेस का ऐलान हो : कहा- पवार साहब और कांग्रेस जिसका नाम तय करेंगे, उसका समर्थन करूंगा




बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार (16 अगस्त) को कहा- चुनाव से पहले सीएम फेस का ऐलान होना चाहिए। पवार साहब और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज जिसे भी सीएम बनाएंगे, मैं उनका समर्थन करूंगा। मुंबई में महाविकास अघाड़ी की मीटिंग में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उद्धव ने कहा कि मैं अधिकतम विधायकों वाली पार्टी को मुख्यमंत्री पद मिलने के फॉर्मुले का समर्थन नहीं करता। महाराष्ट्र सरकार बहनों को 1500 रुपए देने का ऐलान कर रही है, लेकिन इनकी योजनाओं का प्रचार करने के लिए 10 हजार रुपए खर्च कर रही है। सरकार गिराने के लिए 50 खोखे और लड़की बहन को 1500 रुपए।

दरअसल, महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इसे लेकर ही एमवीए की आज मीटिंग हुई। इसमें एनसीपी शरद गुट के चीफ शरद पवार और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण भी शामिल हुए थे।




78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

# लाल किले से पीएम बोले-देश में सेक्युलर सिविल कोड हो

## 75 हजार नई मेडिकल सीटें बनेंगी; कोलकाता रेप-मर्डर पर कहा- राक्षसों को फांसी हो

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**नई दिल्ली।** 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले पर तिरंगा फहराया। अपने 103 मिनट के भाषण में पीएम ने कहा कि देश में अगले 5 साल में 75 हजार मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी। वहीं कोलकाता रेप-मर्डर पर उन्होंने कहा- ऐसे राक्षसों को फांसी पर लटका दिया जाए। बतौर प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार 11वीं बार लाल किले पर झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देशवासियों को माई-बाप कल्चर से गुजरना पड़ा था। हमने गर्वनेंस के इस मॉडल को बदला है। देश में 75 सालों से कम्युनल सिविल कोड है। अब देश को सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत है। लाल किले पर मुख्य समारोह में शामिल होने से पहले पीएम ने सुबह राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। 78वें स्वतंत्रता दिवस की थीम विकसित भारत रखी गई है। इसके तहत स्वतंत्रता के 100वें साल यानी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है।

#### सरकारी नीतियों पर पीएम मोदी

**विकसित भारत:** पीएम ने कहा- 2047 विकसित भारत हमारी प्रतीक्षा कर रहा है। ये देश चलने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं तीसरे टर्म में तीन गुना काम करूंगा। ताकि देश के सपनों को पूरा कर सकूं। अब दुनिया के लिए डिजाइनिंग इंडिया पर बल देना है, अब इंडियन स्टैंडर्ड, इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बनने चाहिए। डिजाइन के क्षेत्र में हम दुनिया को बहुत कुछ दे सकते हैं।

**नई शिक्षा नीति:** एजुकेशन सिस्टम में नई शिक्षा नीति आने से मातृ भाषा को बल मिला। भाषा टैलेंट के रास्ते नहीं आनी चाहिए। जीवन में मातृ भाषा को बल देना होगा। आज दुनिया में जैसा बदलाव हो रहा है, अब जाकर स्किल का महत्व बढ़ गया है।



**मोदी बोले- 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा करेंगे-** मोदी ने कहा- हमारे पूर्वज सिर्फ 40 करोड़ थे, उन्होंने गुलामी जंजीरों को तोड़ दिया था। हमारे पूर्वजों का खून हमारी रगों में है। अगर 40 करोड़ गुलामी की बेड़ियों को तोड़ सकते हैं, तो 140 करोड़ नागरिक अगर संकल्प लेकर चल पड़ें, तो चुनौतियां कितनी बड़ी क्यों न हो, हर चुनौती को पार करते हुए हम समृद्ध भारत बना सकते हैं। हम 2047 विकसित भारत का संकल्प प्राप्त कर सकते हैं।

**आपदाओं में जिन्होंने अपनों को खोया, उनके साथ देश खड़ा है-**इस साल और पिछले कुछ सालों से प्राकृतिक आपदा के कारण हमारी चिंता बढ़ती जा रही है। इसमें अनेक लोगों ने अपने परिवारजन खोए हैं, अपनी संपत्ति खोई है। राष्ट्र को भी नुकसान हुआ है मैं आज उन सब के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, उन्हें विश्वास दिलाता हूं ये देश संकट की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। पीएम मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री 11वें स्वतंत्रता दिवस पर 103 मिनट का सबसे लंबा भाषण दिया।

## विधानसभा चुनाव का बजा बिगुल : जम्मू-कश्मीर में 3 तो हरियाणा में एक चरण में डाले जाएंगे वोट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के लिए विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर में 5 चरणों में चुनाव होंगे। वहीं हरियाणा में एक चरण में चुनाव संपन्न होंगे। दोनों ही राज्यों के नतीजे एक ही दिन 29 सितंबर को आएंगे। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव होंगे। पहला चरण 18 सितंबर को होगा। जबकि दूसरा चरण 25 सितंबर और तीसरा 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। हरियाणा में एक चरण में 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। दोनों ही राज्यों के नतीजे 4 अक्टूबर को आएंगे। हरियाणा में विधानसभा चुनाव 90 सीटों के लिए होंगे, जिनमें से 73 सामान्य और 17 अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं।

इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ दोनों चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. संधू भी मौजूद रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सबसे पहले कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव विश्व स्तर पर सबसे बड़ी चुनाव



प्रक्रिया थी। यह सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसने पूरे लोकतांत्रिक विश्व के लिए एक बहुत मजबूत लोकतांत्रिक धरातल तैयार किया, यह बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्ण रहा और पूरे देश ने चुनाव का उत्सव मनाया। हमने कई रिकॉर्ड भी बनाए। पहली बार दुनिया में सबसे ज्यादा मतदान हुआ।

लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में मतदाता मतदान का हवाला देते हुए कुमार ने कहा कि घाटी एक नए शिखर पर पहुंच गई है, जहां मतदान में भागीदारी में 30 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि बताया कि जम्मू-कश्मीर में 90 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा, जिनमें से 74 सामान्य और 16 आरक्षित (एसटी-9, एससी-7) हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में 87 लाख से ज़्यादा मतदाता हिस्सा लेंगे। अंतिम मतदाता सूची 20 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि हमने हाल ही में जम्मू-कश्मीर और हरियाणा का दौरा किया और वहां चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। जम्मू-कश्मीर को लेकर उन्होंने कहा कि लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। वे चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेना चाहते थे। लोग चाहते हैं कि वहां जल्द से जल्द चुनाव कराए जाएं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में पोलिंग बूथ पर लगी लंबी कतारें इस बात का सबूत हैं कि लोग न केवल बदलाव चाहते हैं बल्कि उस बदलाव का हिस्सा बनकर अपनी आवाज भी बुलंद करना चाहते हैं। उम्मीद और लोकतंत्र की यह झलक दिखाती है कि लोग तस्वीर बदलना चाहते हैं।

## अग्नि मिसाइल के जनक आरएन अग्रवाल का निधन

### अग्नि मैन नाम से मशहूर थे; इन्होंने देश के लॉन्ग-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में अहम भूमिका निभाई

बढ़ता राजस्थान



**हैदराबाद।** देश के जाने-माने एयरोस्पेस साइंटिस्ट और अग्नि मिसाइल के जनक डॉ राम नारायण अग्रवाल का गुरुवार (15 अगस्त) को निधन हो गया। उन्होंने 83 साल की उम्र में हैदराबाद स्थित अपने घर पर आखिरी सांस ली। वे कुछ समय से बीमार थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। आरएन अग्रवाल ने भारत में लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में अहम भूमिका निभाई थी। वे अग्नि मिसाइलों के पहले प्रोजेक्ट डायरेक्टर थे। उन्हें अग्नि मैन के नाम से भी जाना जाता था। उन्हें 1990 में पद्म श्री और 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। डॉ अग्रवाल रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के साइंटिस्ट थे। उन्होंने 1983 से 2005 तक प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में अग्नि मिशन प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व किया। वे 2005 में एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी (स्रु), हैदराबाद के डायरेक्टर पद से रिटायर हुए थे। उनके नेतृत्व में मई 1989 में टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर मिसाइल की सफल टेस्टिंग हुई।

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन

## आठ माह में प्रदेश के विकास के लिए कई अहम फैसले - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों के माध्यम से प्रदेश के हर क्षेत्र में समृद्धि लाने के लिए कार्य कर रही है और पिछले आठ माह के अल्प समय में प्रदेश के विकास के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं।

उन्होंने हर नागरिक से प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर राजस्थान को प्रगति की नई ऊचाईयों पर ले जाने के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया और आजादी के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। श्री शर्मा ने सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकसित करने जा रही है। इसके लिए आगामी पांच वर्षों में 60 हजार करोड़ रूपये खर्च कर 53 हजार किलोमीटर लम्बाई का सड़क तंत्र विकसित किया जाएगा।

### उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 11 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

#### ईआरसीपी के लिए भू अवाप्ति की कार्यवाही प्रारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईआरसीपी परियोजना पूर्वी राजस्थान में सिंचाई एवं पेयजल के लिए जीवनरेखा सिद्ध होगी। सरकार द्वारा इस दिशा में तीव्रता से कार्य करते हुए भू-अवाप्ति की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है तथा प्रथम चरण के कार्यादेश भी जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 12.01 लाख मीट्रिक टन गेंहू, 3.52 लाख मीट्रिक टन सरसों, 9.92 लाख मीट्रिक टन मूंग एवं मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद की है। साथ ही, किसानों की फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 1 हजार 466 करोड़ रूपये के बीमा क्लेम वितरित किये गये हैं। केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को 17,686 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया गया है। साथ ही, 1 लाख नये कृषकों को केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से ब्याज मुक्त फसली ऋण प्रदान किया गया है।

#### समाज में अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति ही पहला व्यक्ति

श्री शर्मा ने कहा कि सरकार महिला शक्ति को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'लखपति दीदी योजना' में इस वर्ष 5 लाख के स्थान पर अब 15 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पहला व्यक्ति मानकर उनके कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में मासिक पेंशन की राशि बढ़ाने, एससी एसटी फंड और टीएसपी फंड की राशि बढ़ाकर एक हजार 500 करोड़ रुपये करने, बाबा साहेब अम्बेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना, गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना की शुरूआत सहित कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।



#### राजस्थान बनेगा निवेश का हब

श्री शर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं पर फोकस कर रही है। राजस्थान को निवेश का हब बनाने के लिए 9 से 11 दिसंबर तक 'राइजिंग राजस्थान' का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए भी कई नवाचार कर रही है। नयी पर्यटन नीति, राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन करने के साथ ही राजस्थान टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड के माध्यम से 5 हजार करोड़ से अधिक के कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के कार्य समय पर हों, उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए सरकार सतत प्रयत्नशील है। इसी दिशा में सिंगल विंडो-सेम डे डिलीवरी सिस्टम प्रारम्भ किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों की 25 सेवायें 24 घंटों में प्रदान की जाएगी।

## सम्पादकीय

# बैंकों के ऋण और जमा वृद्धि के बीच कैसे कम होगा अंतर?

हाल के दिनों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास दोनों ने बैंकिंग क्षेत्र में ऋण और जमा वृद्धि के बीच बढ़ते अंतर को लेकर चिंता जताई। दास इस विसंगति के बारे में सार्वजनिक रूप से पहले से ही चर्चा करते रहे हैं। उदाहरण के लिए गत सप्ताह मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय की घोषणा करते समय उन्होंने कहा कि वैकल्पिक निवेश केंद्र खुदरा निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक होते जा रहे हैं। ऐसे में फंडिंग के मोर्चे पर बैंकों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप बैंक अल्पावधि के गैर खुदरा फंड तथा अन्य उपायों पर निर्भर हैं ताकि अपने ऋण की बढ़ती मांग की पूर्ति कर सकें। इससे बैंकिंग तंत्र ढांचागत नकदी संकट के जोखिम का शिकार हो सकता है। जमा वृद्धि कुछ समय से ऋण वृद्धि से पीछे है जिसके संभावित परिणाम हमें झेलने पड़ सकते हैं। जैसा कि इस समाचार पत्र ने बुधवार को प्रकाशित किया, कुछ बैंक जमा आकर्षित करने के लिए नई किस्म की रणनीति अपना रहे हैं। यह देखना होगा कि ऐसे उपाय अंतर को पाटने में कैसे काम करते हैं। उदाहरण के लिए गत वित्त वर्ष में जब ऋण 20 फीसदी की दर से बढ़ रहा था, तब जमा वृद्धि केवल 14 फीसदी थी। इस अंतर को रिजर्व बैंक की ताजा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में भी रेखांकित किया गया। यह रुझान ऋण-जमा अनुपात में भी देखने को मिलता है जो सितंबर 2021 के बाद बढ़ा है। दिसंबर 2023 में यह 78.8 फीसदी के साथ उच्चतम स्तर पर पहुंचा और मार्च 2024 तक दोबारा घटकर 76.8 फीसदी रह गया। निजी क्षेत्र के बैंकों के मामले में यह अनुपात खासतौर पर अधिक है। हालांकि गत दो-चार साल में कुछ विचलन नजर आया है लेकिन वित्त मंत्री और रिजर्व बैंक के गवर्नर दोनों ने इस मसले को रेखांकित करके तथा बैंकों को उपयुक्त कदम उठाने को कहकर सही किया है। यह सही है कि बैंकिंग व्यवस्था को कोई तात्कालिक खतरा नहीं है लेकिन विचलन के कारणों तथा इसके बड़ी समस्या बन जाने के पहले उठाए जाने वाले उपायों को लेकर बहस एक आवश्यक है। महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ ही ऋण में इजाफा हुआ। यह बढ़ोतरी नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि से तेज है और इस बात को समझा जा सकता है। बहरहाल जमा वृद्धि में कमी की कई वजह हो सकती हैं।

संभव है कि आम परिवारों ने अन्य उपायों का रुख कर लिया हो क्योंकि रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मदद पहुंचाने के लिए वास्तविक नीतिगत दर को कुछ समय से नकारात्मक कर रखा है। हाल के वर्षों में देश के शेयर बाजारों का अच्छा प्रदर्शन भी इसकी वजह हो सकता है। एक अन्य वजह हो सकती है परिवारों की वित्तीय बचत में गिरावट। ताजा उपलब्ध आंकड़े दिखाते हैं कि 2022-23 में यह जीडीपी के 5.3 फीसदी के साथ कई दशकों के निचले स्तर पर आ गई है। घरों की वित्तीय बचत में सुधार जहां अर्थव्यवस्था के लिए अहम है, वहीं बैंक अतिरिक्त बचत जुटाने के लिए और बहुत कुछ कर सकते हैं। मार्च के अंत में अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों का शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.6 फीसदी था।

# विकसित भारत को गढ़ने के संकल्पों का उद्बोधन

**प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में खास एवं ऐतिहासिक होने की अनुगूंजें इस उद्बोधन में साफ सुनाई दी, जैसाकि उनके पूर्व के दो कार्यकाल इस लिहाज खास रहे हैं कि उनकी पार्टी के जिन लक्ष्यों को राजनीति की अन्य धाराएं लगभग नामुमकिन मानती थीं, उन्हें देश के अजेंडा का हिस्सा बनाते हुए हासिल कर लिया गया। चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात हो या अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म करने की। तीसरे कार्यकाल में ऐसा ही एक और लक्ष्य है कॉमन सिविल कोड जो राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना बाकी है।**

ललित गर्ग



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लालकिले की प्राचीर से 78वें स्वतंत्रता दिवस का अब तक का सबसे लम्बा 98 मिनट का 11वां राष्ट्रीय उद्बोधन एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की बानगी है। जो आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये लोगों को ऊंचे सपने देखने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान की वैश्विक एवं राजनैतिक चुनौतियों को भविष्य की अपनी दृष्टि पर हावी नहीं होने दिया। यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लालकिले से जब देश का प्रधानमंत्री बोलता है तो वह भारत के महान लोकतंत्र की उस आत्मा को साकार करता है जो इस देश के 140 करोड़ देशवासियों के भीतर बसती है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन को वास्तविकता की रोशनी में नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को जरूरी बताने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर रिफार्म्स तक, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से लेकर गवर्नेस मॉडल, रोजगार, व्यापार, रक्षा, चिकित्सा समेत कई विषयों की चर्चा की। उन्होंने न्यायिक सुधारों पर आगे बढ़ने का भी संकेत दिया। इसके साथ ही वह विपक्ष को निशाना बनाने से नहीं चूके और सरकार का एजैंडा उन्होंने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। निश्चित ही अब तक हुए लालकिले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं विकसित भारत की इबारत लिखने वाला यह उद्बोधन रहा। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली महानायक का आह्वान है।

मोदी ने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के रूप में इसका जिक्र करके यह संकेत दिया है कि इसे देशवासियों के लिए स्वीकार्य बनाना और लागू करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में काफी ऊपर है। उनके शब्दों में मौजूदा सिविल कोड एक तरह से साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। देश को ऐसे सिविल कोड की जरूरत है, जिससे धर्म के आधार पर भेदभाव से मुक्ति मिले। जब देश में अधिकतर मामलों में नागरिकों पर एक समान कानून लागू होते हैं तो फिर अलग-अलग धर्मों के अपने अलग-अलग लॉ भारत के संविधान पर सवालिया निशान लगाते दिखाई दे रहे हैं। मोदी देश में बार-बार होने वाले चुनावों को विकास की राह में बाधा मानते हैं और यह कोशिश करते रहे हैं कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होने लगें। लेकिन हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें कम होने के बाद उनकी पार्टी और सरकार का यह अजेंडा आगे बढ़ना मुश्किल भले ही माना जा रहा हो, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में इसका भी जिक्र करते हुए यह संकेत दिया कि इस दिशा में उनकी सरकार के प्रयास जारी रहेंगे। इन सबके साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की खास उपलब्धियों और उसके सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र करना नहीं भूले। अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं वाले इस बार के उद्बोधन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखा गया, उससे यही स्पष्ट हुआ कि वह अपने इस एजेंडे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से डिगे नहीं हैं। इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की चर्चा करते समय बांग्लादेश के हालात का भी जिक्र किया और वहां के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने एक ओर जहां जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर कोलकाता की दिल दहलाने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने यह कहकर देश की राजनीति में व्यापक परिवर्तन लाने की भी पहल की कि आने वाले समय में एक लाख ऐसे युवाओं को अपनी पसंद के राजनीतिक दलों में सक्रिय होना चाहिए, जिनके परिवार के लोग पहले कभी राजनीति में न रहे हों। निश्चित ही भारतीय राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति एवं नए विचारों और नई ऊर्जा से ओतप्रोत युवा नेताओं की आवश्यकता है।

यह ऐतिहासिक उद्बोधन कोरा राजनीतिक उद्बोधन न होकर राष्ट्रीयता को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने का सशक्त आह्वान है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। हर भारतवासी मोदी के उद्बोधन से इसलिये भी प्रेरित एवं प्रभावित हुए है कि 'मिशन मोड' पर 'ईज ऑफ लिविंग' को पूरा करने के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए उसे आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने व्यवस्थित मूल्यांकन, बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की बहुत जरूरी बात कही है। उन्होंने भारत में जीवन को आसान बनाने की अपेक्षा की, ताकि अमीरों एवं युवा प्रतिभाओं के पलायन को रोका जा सके। मोदी ने देश की जनता में जोश एवं संकल्प जगाते हुए ऐसा ही कुछ कहा जो जीवन की अपेक्षा को न केवल उद्घाटित करता है, बल्कि जीवन की सच्चाइयों को परत-दर-परत खोलकर रख देते हैं। 'विकसित भारत' की थीम के साथ इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा को रेखांकित करते हुए कह रहा है कि देश किन्हीं समस्याओं पर थमे नहीं, रूके नहीं, क्योंकि समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना ही जीवंत एवं विकसित देश की पहचान होती है। इसके लिये जो अतीत के उत्तराधिकारी और भविष्य के उत्तरदायी है, उनको दृढ़ मनोबल और नेतृत्व का परिचय देना होगा, पद, पार्टी, पक्ष, प्रतिष्ठा एवं पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर। यही भावना सबल सक्षम और समरस राष्ट्र बनाएगी और विश्व में भारत का मान बढ़ाएगी, इसी से भारत विश्वगुरु बनेगा। हम भारत के लोग विश्व मंगल की कामना की पूर्ति तभी अच्छे से कर सकते हैं जब पहले राष्ट्र मंगल की भावना से ओतप्रोत हों। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत ने पिछले 78 वर्षों में जो प्रगति की उडान अपनी विविधता को संजाये हुए भरी है उससे पूरी दुनिया हैरत में है। बड़े-बड़े देश अब भारत के लोगों के विकास, ज्ञान और उनकी मेहनत के दीवाने हैं। दुनिया के हर कोने में भारतीय अपना झंडा गाड़ रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। उन्होंने नवाचार के इच्छुक उद्यमियों को विशेष रूप से संबोधित किया गया। भारत का निर्यात बढ़ना जरूरी है और इसके लिए ऐसे उत्पाद बनाने की जरूरत है, जिनकी विश्व स्तर पर मांग हो। देश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ाने के मकसद से अगले पांच वर्षों में 75000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने की घोषणा महत्वपूर्ण है। ऐसी ही घोषणाओं से भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हो सकेगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मिथुन**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**कर्क**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**सिंह**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कन्या**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**वृश्चिक**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**मकर**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कुंभ**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मीन**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

## शख्सियत

**हमारे कर्म हमें ही पता है कि हम कर क्या रहे हैं पर हमें समाज के दिखावे के लिए धर्म का प्रमाण पत्र चाहिए होता है जो ये प्रूव कर सके कि हम धार्मिक हैं जबकि ये कर्म भूमि है यहां कर्म ही धर्म दिलाता हैं........**



डॉ.योगेन्द्र शर्मा
( मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी )

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत है अलवर के होनहार सपूत मुख्य चिकित्सवा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेन्द्र शर्मा। जो इस समय अलवर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद को सुशोभित कर रहे हैं। अलवर के किशनगढ़ के बास कृपाल नगर में 3 दिसंबर सन् 1975 को जन्मे डॉक्टर योगेंद्र शर्मा शुरू से ही जमीनी व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। पिताजी भी सरकारी स्कूल में टीचर रहे ऐसे में नैतिक संस्कार और शिक्षा इन्हें परवरिश के रूप में मिली है। कक्षा 6 से 10 तक बाल विहार स्कूल में और 11वीं 12वीं हैप्पी स्कूल से करने के बाद एमबीबीएस रविंद्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज उदयपुर से सन 1994 में कंप्लीट की। सन 1999 प्रथम प्रयास में अप्रैल 2003 तक ग्लोबल हॉस्पिटल माउंट आबू ब्रह्माकुमारी इंटरनेशनल हैडक्वाटर्स में काम किया। शादी के बाद में 2003 से 2009 तक सरदारशहर तहसील चूरू में मेडिकल ऑफिसर पद पर कार्यरत रहे। 2009 से 2011 तक सीएचसी तिजारा में इंचार्ज के रूप में कार्यभार संभाला। 2011 से 2014 में एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर में चेस्ट मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट प्रथम प्रयास में पूर्ण कर अलवर का गौरव बढ़ाया। सन 2014 जुलाई से टीवी क्लिनिक अलवर हॉस्पिटल में ज्वाइन किया जहां मरीजों को अंतिम छोर तक उनके स्वास्थ्य लाभ दिलाकर उन्हें स्वस्थ बनाए रखने का जिम्मा उठाया। सन 2019 में जिला टीवी ऑफिसर पद पर नियुक्त हुए और लगातार कार्य कर मरीज व उनके परिजनों को लाभ दिलाया। यही नहीं सरकारी की टीबी उनमूलन कार्यक्रम के तहत बडे स्तर पर लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए जागरूक कार्यकम चलवाया। 16 मार्च 2024 को सरकार ने इन्हें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पद पर सुशोभित किया, जहां आज पूरे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर विकास और मरीज व उनके परिजनों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ.योगेन्द्र शर्मा सच में एक सरल व सहज व्यक्तित्व के धनी हैं। सीएमएचओ पर पर रह कर टीबी मरीजों को ओफिस में देखना उनकी शख्सियत दर्शा रही है क्योंकि डाक्टर बनाना शायद आसन है लेकिन इंसान बनना बेहद मुश्किल लेकिन मुझे ये कहते हुए गर्व हो रहा है कि डॉ.योगेन्द्र एक बेहतरीन चिकित्सक के साथ एक बेहतरीन इंसान भी हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 17 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1659-दारा शिकोह को औरंगजेब द्वारा फाँसी दी गयी।
- 1682-विलियम पेन इंग्लैंड से रवाना हुए और बाद में उन्होंने अमेरिका में पेनसिल्वेनिया कॉलोनी की स्थापना की।
- 1780-जनरल बेनेडिक्ट अर्नोल्ड ने वेस्ट प्वाइंट फोर्ट में ब्रिटिश सेना के सामने आत्मसमर्पण करने का वादा किया।
- 1806-न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित किया गया।
- 1928-द इंडिपेंडेंस ऑफ़ इंडिया लीग की भारत में स्थापना।
- 1947-भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
- 1951-फिलीपींस और अमेरिका ने एक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1991-अजरबैजान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1999-पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता के लिए जनमत संग्रह सम्पन्न।
- 1999-पूर्वी तिमोर के निवासियों ने इंडोनेशिया से आजादी के लिए भारी मतदान किया।
- 2002-ताइवान में भूकम्प के झटके महसूस किये गए।
- 2002-कोनोको इंक और फिलिप्स पेट्रोलियम ने विलय कर कोनोकोफिलिप्स बनायी।
- यह अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी और दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनिंग कंपनी थी।
- 2003- रूसी पनडुब्बी बेरेंट्स सागर में डूबी, नौ मरे, आस्ट्रेलिया ने विश्व नौकायन में स्वर्ण पदक जीता।
- समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।
- 2007-जर्मनी के दो वैज्ञानिक गुंटर निमित्ज और आल्फ़ोंस स्टालहोफ़ेन ने अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धान्त को ग़लत ठहराने का दावा किया। नेपाल की कोईराला सरकार ने चार माओवादी विद्रोहियों को फ़्रांस, डेनमार्क, आस्ट्रेलिया और मलेशिया का राजदूत नियुक्त किया। बांग्लादेश सरकार ने नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद युनुस के सम्मान में डाक टिकट जारी किया।


### 30 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- 2001-जैस्मिन लंबोरिया-भारत की महिला मुक्केबाज़ हैं।
- 1954-रवि शंकर प्रसाद-एक वकील और राजनीतिज्ञ हैं।
- 1918-बिनायक आचार्य-ओडिशा के 9वें मुख्यमंत्री रहे थे।
- 1912-नैंसी वेक-दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान प्रसिद्ध महिला लड़ाकों में से एक थीं।

## विशेष आलेख

# भारतीय राजनीति के चहेते दिशा-प्रवर्तक अटल बिहारी बाजपेई

संजीव ठाकुर



स्वयं को समाज का सेवक कहने वाले और समष्टि के लिए व्यष्टि का बलिदान करने वाले व्यक्ति कोई साधारण लेखक या कवि मात्र नहीं थे,बल्कि भारतीय राजनीति के स्तंभ के रूप में स्थापित हो चुके पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ही थे। वह भारतीय राजनीति में पक्ष-विपक्ष के चहेते राजनेता थे। भारतीय राजनीति में जिस प्रकार से एक नए युग प्रवर्तक की भूमिका अटल जी ने निभाई वह निश्चित तौर पर युगों युगों तक ज्याद की जाएगी। 25 दिसंबर 1924 में ग्वालियर में मध्यम वर्गीय ब्राह्मण परिवार में जन्मे अटल बिहारी वाजपेई विलक्षण प्रतिभा के वक्ता और संवेदनशील कवि थे। सरस्वती शिशु मंदिर मैं प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर विक्टोरिया कॉलेज में उन्होंने स्नातक की डिग्री ली फिर राजनीति विज्ञान में कानपुर के दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की थी। मूल रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सदस्य रहे तथा आर्य कुमार सभा में सक्रिय भूमिका निभाई। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के तहत जेल भी गए थे। इसके पश्चात भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संपर्क में आकर और अपनी प्रतिभा की बदौलत उनके राजनीतिक सचिव बन गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता रहते हुए उन्होंने राष्ट्र धर्म चेतना, दैनिक स्वदेश, वीर अर्जुन,आदि पत्र पत्रिकाओं के संपादन का कार्य भी भली-भांति किया था। एक कुशल संपादक एवं प्रखर पत्रकार भी रहे हैं। 1953 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आकस्मिक निधन के बाद भारतीय जनसंघ की अगुवाई का जिम्मा भी उनके ऊपर आया जिसका निर्वहन भी उन्होंने बखूबी किया। स्वाधीन भारत की राजनीति के अटल जी एक अटल स्तंभ बने और राजनीति में संवेदनशील सुचिता के प्रखर प्रवर्तक भी रहे। 1955 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था पर उस चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा पर धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता वृद्धि होती गई परिणाम स्वरुप वह 9 बार लोकसभा दो बार राज्यसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में श्री अटल बिहारी वाजपेई ने मुख्य भूमिका निभाई थी। कवि हृदय होते हुए बेबाक बोलने का कौशल रखने वाले वाजपेई जी ने लगभग 4 दशक से अधिक समय तक विपक्ष में रहते हुए बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाई और भारत के तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए। पहली बार 1996 में 13 दिन दूसरी बार वर्ष 1998 में 13 महीने सरकार चला सके परंतु वर्ष 1999 में तीसरी बार प्रधानमंत्री के बाद पूरे 5 साल सफलतापूर्वक सरकार चलाने में वह कामयाब रहे। यह भारतीय राजनीति में उपलब्धि अपने नाम कराने वाले पहले गैर कांग्रेसी नेता है। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू जी ने उनकी वाकपटुता तथा ओजस्वी लेखन को देखते हुए कहा था किया नौजवान एक दिन भारत का प्रधानमंत्री जरूर बनेगा। उनका कहना सत्य भी हुआ और नेहरू, इंदिरा जी के बाद पुन: देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला जिसने देश को एक नई राजनीतिक ऊर्जा दी। कवि हृदय होते हुए भी अटल जी ने बेझिझक होकर सबके सामने अपनी बात रखने का कौशल दिखाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को एक नई पहचान दिलाई। बिना किसी दबाव के उन्होंने परमाणु शक्ति बनाने में अहम भूमिका निभाई और पड़ोसी देश पाकिस्तान से नए रिश्ते की बुनियाद भी रखी। उनके कार्यकाल की विदेश नीति अब तक की सबसे सफल विदेश नीति मानी जाती है। उन्होंने दिल्ली लाहौर बस सेवा का शुभारंभ किया और स्वयं बैठकर लाहौर तक गए थे। अटल जी की उदारता का अनुचित लाभ उठाते हुए 1999 में पाकिस्तान ने कारगिल युद्ध का कुचक्र रचा, अटल बिहारी जी ने इस युद्ध की स्थिति को बहुत अच्छी तरह संभाला और ऑपरेशन विजय के अंतर्गत भारतीय सेना ने पाकिस्तान सेना को पराजित किया था। अटल जी के नेतृत्व में इस विजय के फल स्वरुप अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में यह संदेश गया कि भारत का नेतृत्व कुशल और अनुभवी हाथों में है,भारत किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्रामीण सड़क योजना स्वर्णिम चतुर्भुज योजना सर्व शिक्षा अभियान और नदी जोड़ो परियोजना जैसी कल्याणकारी परियोजनाओं का आरंभ किया। बिना किसी वाद विवाद के वर्ष 2000 में 3 नए राज्यों उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, झारखंड के गठन का श्रेय भी अटल बिहारी सरकार को ही जाता है। उनके कार्यकाल में आर्थिक मंदी के बावजूद भारत विकास दर में वृद्धि दर्ज करा सका था ।इस प्रकार उन्होंने आज के भारत को बनाने में अविस्मरणीय योगदान दिया था। राजधर्म को सर्वोपरि मानने वाले एवं उसका पालन करने वाले श्री अटल बिहारी वाजपेई जी को आज भी एक सशक्त नेता ,मंत्र मुग्ध करने वाला वक्ता, कुशल प्रशासक, विरोधियों के बीच सहज स्वीकार्य ,भरोसा पैदा करने वाले और असहमतियों का आदर करने वाले शख्स के रूप में याद किया जाता है। कदम से कदम मिलाकर चलना होगा में विश्वास रखने वाले अटल जी में स्वाभाविक रूप से सबको साथ लेकर चलने का राजनीतिक कौशल भी था जिसके कारण उनके विरोधी भी उनकी प्रशंसा करने में थकते नहीं हैं। अटल जी एक साफ-सुथरी निर्विवाद एवं बेबाक सभी के स्वामी थे। भारतीय राजनीति स्वच्छ छवि के एकमात्र नेता अटल बिहारी वाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री ही थे। अटल जी एक अच्छे कवि तथा एक अच्छे लेखक भी थे। मेरी 51 कविताएं, मृत्यु या हत्या, अमर बलिदान, कैदी कविराय की कुंडलियां ,21 कविताएं, न्यू डाइमेंशन आफ इंडियन फॉरेन पॉलिसी आदि प्रमुख किताबों के रचयिता थे। खराब स्वास्थ्य के कारण 2005 में राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। उन्हें 2014 में भारत रत्न से भी नवाजा गया था।



# जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को जिले के अतिवृष्टि और जल भराव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। जिला कलेक्टर ने उपखंड पीपलू के ग्राम बगड़ी, खेड़ा एवं बगड़ी-पीपलू रपट का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने बगड़ी-पीपलू रपट पर मौजूद पुलिस के जवानों को लोगों की आवाजाही रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत सरपंच को लोगों से रपट पर न जाने की समझाइश करने के लिए कहा। इसके बाद जिला कलेक्टर ने उपखंड निवाई के मनोहरपुरा-जोधपुरिया धाम जाने वाले सड़क मार्ग पर मांशी नदी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हुए रपट का निरीक्षण किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता से दूरभाष पर बात कर नदी का बहाव कम होने पर रपट की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसौलिया भी मौजूद रहे।

## माशी बांध का किया दौरा, लोगों से की समझाइश

जिला कलेक्टर ने उपखंड क्षेत्र निवाई के सबसे बड़े बांध मांशी बांध का दौरा कर बांध से पानी की निकासी एवं सुरक्षा की दृष्टि से जायजा लिया। वहां मौजूद लोगों से समझाइश करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बांध के जल भराव एवं नदी नालों के तेज बहाव से दूर रहे। किसानों के फसल खराब का मुआवजा दिलाने की बात पर जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन द्वारा गिरदावरी कराने के निर्देश दिए गए है। रिपोर्ट आने पर नुकसान के आधार पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसौलिया को जलभराव वाले क्षेत्रों में राहत कार्य मुस्तैदी से किए जाने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय पर्व पर गूंजे देशभक्ति के तराने श्रेष्ठ कार्य करने वालो को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में 78वां स्वाधीनता दिवस पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। गुरूवार को सुबह से ही बारिश का दौर रहने से राष्ट्रीय पर्व को लेकर कुछ परेशानी आने लगी। लेकिन शहर में राष्ट्रीय पर्व को लेकर पूरा उत्साह एवं उमंग देखा गया। मालपुरा उपखण्ड का मुख्य समारोह उपखण्ड अधिकारी मालपुरा में आयोजित हुआ। जहां बारिश के बीच तहसीलदार राहुल पारीक ने राष्ट्रीय ध्वज लहरा कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इससे पूर्व पुलिस थाने में थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा ने, पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय में डीवाईएसपी महेन्द्र कुमार ने, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी रामकुवांर कस्वा ने, अभिभाषक संघ कार्यालय में संघ अध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन ने, रोटरी क्लब मालपुरा सिटी कार्यालय में क्लब अध्यक्ष डॉ. अकिंत जैन ने, ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने, भाजपा शहर मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने , ग्राम सेवा सहकारी समिति टोरड़ी कार्यालय में समिति अध्यक्ष भंवरलाल मुवाल ने झण्डारोहण किया। इसके अलावा नगरपालिका मालपुरा में आयोजित समारोह में पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन सहित सभी पालिका पार्षदो, पालिका कर्मचारियो व शहर के गणमान्य नागरिको की मोजुदगी में झण्डारोहण किया। इसके साथ साथ राउमावि मालपुरा में प्रधानाचार्य अलका पारीक ने , अविकानगर में निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने, रेखा देवी मेमोरिया शिक्षण महाविद्यालय में डॉ. आस्था जैन ने झण्डारोहण किया।

**श्रेष्ठता व कर्तव्यनिष्ठा को मिला सम्मान :** जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने झण्डारोहण कर जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह सहित अन्य कई जिला स्तरीय पदाधिकारियो, जिला स्तरीय अधिकारियो की मौजुदगी में मालपुरा क्षैत्र के अम्बापुरा स्थित राउप्रावि के शिक्षक अरूण काबरा, ग्राम पंचायत देशमां के सरपंच रामचरण चौधरी, ग्राम पंचायत लाम्बाहरिसिंह सरपंच गीता देवी को उनके श्रेष्ठ कार्यो के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अलवा नगरपालिका मालपुरा में पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने पालिका कार्यालय के वरिष्ठ सहायक निहालचन्द जेन, कनिष्ठ सहायक मोहित विजय सहित अन्य कर्मचारियो को उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं श्रेष्ठता के लिए प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं राष्ट्रीय पर्व के उपखण्ड स्तरीय समारोह में विभिन्न विभागो, शिक्षा जगत के श्रेष्ठ विद्यार्थियों सहित कुल 38 प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

# राज्य सड़क मार्ग पर जाम लगा कर किया प्रदर्शन

## मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियो को खदेड़ कर तीन को लिया हिरासत में



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा शहर से सटी बृजलालनगर ग्राम पंचायत क्षेत्र के हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के निवासियो में कालोनी के मुख्य आने जाने के रास्ते में पानी भरने एवं निकास की समुचित व्यवस्था नहीं होने से नाराज होकर सांगानेर मालपुरा राज्य मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को पिछले दिनो से चल रही बारिश के बाद कालोनी में आने जाने वाले मुख्य मार्ग की सड़क पर पानी जमा होने से आवागमन का रास्ता बंद हो गया। जिससे नाराज होकर शुक्रवार को कालोनी की काफी संख्या में महिलाऐं, पुरूष व युवा सांगानेर मालपुरा राज्य मार्ग पर आकर बैठकर आवागमन अवरूद्ध हो गया। साथ ही नारेबाजी करते हुए सरपंच को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। काफी देर तक आवागमन अवरूद्ध होने से दोनो ओर वाहनो की लम्बी कतारे लग गई। वाहनो में बैठे लोग परेशान होने लगे। इधर जैसे ही राज्य सड़क मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन करने की जानकारी मिलते ही थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा मय दल बल के मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन कर रहे लोगो को शांति से समझाने का प्रयास किया। साथ ही सड़क मार्ग जाम कर कानून हाथ में नहीं लेने की चेतावनी दी। इसका कोई असर नहीं होता देख पुलिस ने प्रदर्शन कारियो को खदेड़ कर आवागमन सुचारू किया। साथ ही राज्य मार्ग जाम करने के लिए उकसाने वाले तीन युवको को हिरासत में लिया। साथ ही मौके पर जेसीबी मशीन से पानी निकासी की व्यवस्था कर समस्या का समाधान भी किया।

# रेलवे अंडरपास के पानी में डूबने से वैन चालक की मौत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** शहर की शिवाजी कॉलोनी में गली नंबर 18 में बने हुए रेलवे अंडरपास के पानी में डूबने से एक मारुति वैन चालक की मौत हो गई। स्थानीय पार्षद बाबूलाल सैनी ने बताया कि शिवाजी कॉलोनी की गली नंबर 18 में रेलवे अंडर पास में अथाह पानी भरा हुआ है। गुरुवार की रात 9 बजे मारुति वैन चालक वैन को अंडरपास में भरे हुए पानी में से निकालने लगा। पानी अधिक होने के कारण वैन अंडरपास में डूब गई। मारुति चालक ने जैसे-तैसे वैन का गेट खोला और चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को चालक मारुति वैन की छत पर बैठा दिखाई दिया। इसके बाद लोगों ने उसको अण्डरपास के पानी से बाहर निकाला और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस के लौटने के बाद चालक धीरज चौधरी पुत्र देवेंद्र चौधरी उम्र 37 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन मारुति वैन में रखा हुआ लैपटॉप व गाड़ी के कागजात निकालने के लिए वापस अंडरपास में चला गया। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गया। काफी देर बाद भी बाहर नहीं आने पर वहां मौजूद लोगों ने पानी में से उसे ढूंढकर निकाला और बेहोशी हालत में राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पौस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने किया शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र के टोडारायसिंह मुख्यालय पर विशाल पौधारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत सघन पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मौजुद जनसमूह को सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री चौधरी ने कहा कि यह योजना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की मातृशक्ति के सम्मान व पर्यावरण सरंक्षण के दोहरे उद्धेश्य को लेकर शुरू की है।

उन्होंने इस बाबत सघन पौधारोपण कार्यक्रम को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाने एवं दूसरो को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। यह पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि राधा चौधरी, नगरपालिका टोडारायसिंह अध्यक्ष भरतलान सैनी, प्रधान प्रतिनिधि रामचन्द्र गुर्जर सहित अन्य कई गणमान्य व प्रबुद्धजन मौजुद रहे।

# अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करने के विरोध में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सोपा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** अभिभाषक संघ द्वारा उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सीताराम शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने बताया कि निवाई न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारी अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शंकर शर्मा एवं उनके परिजनों के सदस्यों के साथ श्री एक लिंग महादेव मंदिर उदयपुर के सुरक्षा कर्मियों द्वारा मारपीट करने एवं पुलिस प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज करने मेडिकल कराने में देरी करते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा राजीनामा का दबाव डालकर परेशान किया गया। उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना की अभिभाषक संघ द्वारा कड़े शब्दों में निंदा की गई। उन्होंने बताया कि न्यायिक अधिकारी व उनके परिजनों के विरुद्ध राजीनामा का दबाव बनाकर उनके विरुद्ध गलत वह झूठा केस दर्ज करवाने की धमकी देने के विरोध में अभिभाषक संघ द्वारा न्यायिक कार्य स्थगित कर स्वैच्छिक रूप से न्यायालय में उपस्थित नहीं होने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि एकलिंग महादेव मंदिर उदयपुर के सुरक्षा कर्मियों ,समिति एवं संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम अभिभाषक संघ द्वारा ज्ञापन सोपा गया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, राम अवतार शर्मा, सचिन रमेश डोई, पूर्व सचिव तेज भंवर सिंह, उपाध्यक्ष किशन लाल सैनी,कोषाध्यक्ष सरोज अग्रवाल, महेश शर्मा, शंकर चौधरी,विनोद चौधरी, रामेश्वर चौधरी, राधेश्याम शर्मा, अबरार अहमद, कन्हैयालाल मीना,राकेश मिश्रा, हीरालाल, महेश सहित कई अभिभाषक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

### हर्षोलास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

# स्वतंत्रता दिवस भारत का सबसे बड़ा महापर्व : विधायक रामसहाय वर्मा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह कृषि उपज मंडी के प्रांगण में विधायक रामसहाय वर्मा की मौजूदगी में मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेते हुए समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस भारत का सबसे बड़ा महापर्व है। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा कई देशभक्ति गीतों पर एकल नृत्य व सामुहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान गांधी पार्क में विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित करके शास्त्री पार्क में भी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसी प्रकार डाक बंगले पर विधायक रामसहाय वर्मा ने झण्डारोहण किया। पटेल रोड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण किया, नगरपालिका कार्यालय पर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, पंचायत समिति कार्यालय पर प्रधान रामअवतार लांगडी व विकास अधिकारी सुनिलकुमार वर्मा, पुलिस वृत्ताधिकारी कार्यालय पर डीवाईएसी मृत्युंजय मिश्रा, तहसील कार्यलय में तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, राजकीय सामुदायिक अस्पताल में अस्पताल प्रभारी डॉ. केके विजय व बीसीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र चौधरी, ट्रक यूनियन पर यूनियन अध्यक्ष सूरजनारायण शर्मा, पुलिस थाने में थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार सभी गांवों के राजकीय व निजी विद्यालयों एवं पंचायतों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

## 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान एकत्रित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जिला प्रशासन टोंक द्वारा 78 वे स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस लाइन के अन्वेषण भवन में उपखंड अधिकारी टोंक राहुल सैनी की मॉनिटरिंग में जिला स्तरीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने किया। रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। तेज बारिश व खराब मौसम के बावजूद अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं आमजन ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान शिविर को सफल बनाया।

## 78 वे स्वतंत्रता दिवस पर रामाज् रिसोर्ट पर फहराया तिरंगा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** रामाज् रिसोर्ट पर 78 वे स्वतंत्रता दिवस पर रामाज् रिसोर्ट ऑनर मोहित टेलर साथ में टोंक जिला आबकारी अधिकारी बाबूलाल जाट,टोंक, सहायक आबकारी अधिकारी आबकारी निरोधक दल प्रद्युम्न सिंह और मैनेजर जिनेद्र सिंह नरुका , ऑपरेक्शन मैनेजर मोहन सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया। मोहित टेलर ने इस मौके पर उपस्थित सभी कर्मचारियों और उनके परिवार जनों को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि हमको जो स्वतंत्रता प्राप्त हुई है, वह अनेक महापुरुषों के बलिदान और लंबे संघर्ष के बाद प्राप्त हुई है, इसलिए हम सबको अपने अधिकारों से ज्यादा अपने कर्तव्यों के बारे में सजग रहना चाहिए।

## गुंसी क्षेत्र में बारिश के पानी से ढहे कई कच्चे मकान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** क्षेत्र में हो रही लगातार भारी बारिश के चलते गुंसी ग्राम पंचायत के सजिया गांव की छाजोलाई की ढाणी में कई कच्चे मकान ढह गए। पीड़ित ढाणीवासी रामलाल, गंगाराम, हीरा लाल, राम, लक्ष्मण, सीताराम, व कपूर चंद यादव ने बताया कि बारिश के पानी से उनके कई कच्चे मकान ढह गए है। मकानों के ढहने से उनमें रखे घरेलू सामान व चारा नष्ट हो गया। बचे मकानों पर तिरपाल तानकर अपना काम निकाल रहे है। बार बार आग्रह किए जाने के बाद भी प्रशासन ने सुध नहीं ली है। उन्होंने बताया कि उनके घरों के पास से एक बरसाती नाला गुजर रहा है जिसमे लगातार मिट्टी का कटाव होता जा रहा है। कटाव से आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी नाले के पानी से ढाणी को राहौली सडक् मार्ग से जोडने् वाली सीसी रोड भी पूरी टूट चुकी है। जिसके चलते उन्हें सडक् मार्ग तक जाने के लिए दो किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सभी परेशानियों को लेकर पंचायत प्रशासन को कई बार अवगत करवाया गया लेकिन किसी ने उनकी ढाणी की सुध नहीं ली है। इसी लापरवाही एवं उदासीनता के चलते ढाणीवासियो में प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आज शहर रहेगा पूर्णतया बंद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सनातन धर्म रक्षा मंच द्वारा शनिवार को शहर बंद करने का निर्णय लिया गया। मंच के सदस्य हेमंत मोदी ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शनिवार को शहर को पूर्णतया बंद रखने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत कंकाली माता मंदिर से सुबह प्रार्थना 9 बजे हिंदू आक्रोश रैली का आयोजन किया जाएगा। हिंदू आक्रोश रैली शहर के मुख्य मार्ग से होती हुई अहिंसा सर्किल पर पहुंचेगी। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 तक शहर का बाजार पूर्णतया बंद रहेगा। बंद को सफल बनाने के लिए सभी व्यापार मंडल के सदस्यों ने पूर्णतया समर्थन दिया है। सभी कंकाली माता मंदिर पर एकत्रित होकर विशाल आक्रोश रैली के रूप में अहिंसा सर्किल पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है। अहिंसा सर्किल पर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को सनातन धर्म रक्षा मंच और हिंदू समाज द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। बैठक में जगदीश वर्मा, नवीन शर्मा, दीपेश चंवरिया, दुष्यंत पारीक, महेंद्र जैन, मायाराम शर्मा, राहुल जायसवाल, एडवोकेट तेजभंवर सिंह, राधेश्याम शर्मा, अंकुर गुप्ता, करण सिंह, नितिन छाबड़ा, अनिल जाट, खुशीराम भूमला, केदार चौधरी, हिमांशु शर्मा, लोकेश गौतम व भंवरसिंह राजावत सहित कई लोग मौजूद थे।

## राशन वितरण में गबन करने पर लाइसेंस निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** तहसील मालपुरा के ग्राम पंचायत टोरडी की उचित मूल्य दुकान का जिला रसद अधिकारी इंद्रपाल मीणा एवं प्रवर्तन अधिकारी धर्म चंद अग्रवाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानदार रामजीलाल जांगिड द्वारा दुकान पर सूचनाओं का प्रदर्शन नहीं करने एवं भौतिक सत्यापन दौरान गेहूं का गबन करने पर प्राधिकार पत्र निलंबित किया गया है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दुकान में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ आदेश के तहत जारी प्राधिकार पत्र की शर्तों का उल्लंघन किये जाने पर यह कार्यवाही की गई है। उपभोक्ताओं में वितरण व्यवस्था बनाये रखने के लिए दुकान का ग्राम पंचायत टोरडी के ही अन्य दुकानदार के अटैच किया गया है।

# हमे ये स्वतंत्रता और मौलिक अधिकार देश को आजादी दिलाने वाले महान वीरो के बलिदान से मिली है : कुलपति प्रो. संजीव शर्मा

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह, धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि शौर्य पदक विजेता कर्नल जितेंद्र सिंह एवं कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण करके किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शौर्य पदक विजेता कर्नल जितेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा हमें मिली स्वतंत्रता में किसान, जवान, वैज्ञानिक के साथ देश के सभी नागरिकों का योगदान है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी ओर राष्ट्रीय पर्व के महत्व को बताया। विद्यार्थियों को देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति की सीख देने के साथ करगिल में दुश्मनों के साथ जंग के दौरान युद्धकौशल से जुड़े सेना की बहादुरी ओर देश की सुरक्षा के लिये आर्मी द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी।स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यार्थियों द्वारा शहादत, भष्ट्राचार, स्टार्टअप, डिजिटल लेनदेन के अभिनय, देशभक्ति से जुड़े संदेश, गीतों एवं डांस की प्रस्तुति के साथ योगाभ्यास से स्वस्थ एवं निरोगी रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र का यह महान पर्व और आज का दिन हमारे लिए बहुत बड़ा है, यह हमारे लिए गौरव का दिन है, आज का दिन उन स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का दिन है, जिन्होंने इस स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया। हम उन अमर वीरो की जीवनी, गाथा, कहानियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका में योगदान दे सकते है। 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा अपने क्रिएटिव आईडिया से वेस्ट से बेस्ट कलाकृति बनाने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर विजेता रहे प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। विजेता प्रतियोगियों को कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, मुख्य अतिथि शौर्य पदक विजेता कर्नल जितेंद्र सिंह, प्रो. सुनील यादव, प्रो. एच.एम.एल मीना द्वारा सम्मानित किया गया एवं संस्थान के चिकित्सकों द्वारा लिखी गई पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन का समन्वय डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ पुनीत चतुर्वेदी द्वारा किया गया। 78वें स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिसर को तिरंगा थीम पर रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक,चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी ओर विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## अंडर 23 सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में श्री बजरंग व्यायामशाला के पहलवानों ने हासिल किए 4 पदक

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** हाल ही में प्रतापगढ़ छोटी सादड़ी में संपन्न हुई कुश्ती प्रतियोगिता में श्री बजरंग व्यायामशाला महावीर नगर प्र थम कोटा के 4 पहलवानों ने अंडर 23 सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए 4 पदक अपने नाम किए । व्यायामशाला के अध्यक्ष माधाराम चौधरी ने बताया कि उदयपुर में संपन्न हुई अंडर 23 सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में 82 किग्रा. ग्रीक रोमन स्टाइल में गुंजन शर्मा ने सिल्वर मेडल 60 किलोग्राम गिरीक्रोमन स्टाइल तृतीय स्थान राकेश मीणा ने 125 किलोग्राम फ्री स्टाइल में तृतीय स्थान महिला वर्ग में बिनतोस योगी ने 55 किलो ग्राम तृतीय स्थान कोटा पहुंचने पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पहलवानों को मेडल पहनकर आशीर्वाद दिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

यह सभी पहलवान अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं अंतर्राष्ट्रीय रेफरी व कोच रविंद्र कुमार के सानिध्य में प्रशिक्षण लेते हैं।चारों पहलवानों का बजरंग व्यायामशाला पहुंचने पर हरकीरत अटवाल एनआईएस कोच अमित यादव, राष्ट्रीय पहलवान मोहन धाकड़, गगन चौधरी, खेमचंद चौधरी, चमन सिंह, विजय जैन, कैलाश जैन , भीमराज सिंह, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी काबुल सिंह, राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्लेयर अशोक पूनिया ने फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## देवली में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( नि.स. )** । 15 अगस्त पर यहां उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह गुरुवार को शहर के अटल उद्यान में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा ने ध्वजारोहण किया।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। सर्वप्रथम उपखंड अधिकारी ने परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन, उपाध्यक्ष सौरभ जिंदल समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में अपना अपना संबोधन दिया। वही इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 45 अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक व समाज सेवकों को सम्मानित किया। इसी प्रकार नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने ध्वजारोहण किया। यहां अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस को लेकर संबोधन दिया। यहां बालकिशन मालू, मनीष आदि थे। इस मौके पर पुलिस थाने और पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय पर भी ध्वजारोहण किया गया। 78 वा स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी हुआ स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुरुवार रात उपखण्ड प्रशासन देवली एवं नगरपालिका प्रशासन देवली के संयुक्त तत्वावधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अटल उद्यान के टीनशेड में सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें। लोक कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां पेश की गई। साथ ही विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भी देशभक्ति गीतों पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी दुर्गाप्रसाद मीणा द्वारा की गई।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने शहर वासियों से आग्रह करते हुए कहा कि वह नगर पालिका की सफाई व्यवस्था में सहयोग करें । और शहर को साफ सुथरा बनाने में अपना योगदान देते रहे। इस अवसर पर नेमीचंद जैन ने शहर मे कई विकास कार्य करवाए जाने बात भी कहीं।

## भामाशाह मोहित विजयवर्गीय को जयपुर के आदर्श विद्या मंदिर में सम्मानित किया गया

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर ( का.स. )।** विजयवर्गीय वैश्य समाज से शिक्षक सत्यनारायण की पूण्य स्मृति में मोहित पुत्र राम निरंजन, माता प्रेमलता मालपुरा वालों के द्वारा आदर्श विद्या मन्दिर, उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेकटर-26, प्रताप नगर, जयपुर के द्वारा भामाशाह सम्मान से समानित किया गया है। मोहित विजयवर्गीय ने विद्यालय के विकास के लिए एक हॉल का निर्माण कराकर स्कूल को भेंट दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्यालय की अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया और स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सभी स्टाफ एवं विद्यार्थियों के अनुशासन और उत्कृष्टता की सराहना की। समारोह में दादी प्रेमलता, कुसुम-रामनिरंजन, डॉ. रमिता मोहित, भावना-शोभित, कियांश, निष्ठा, विचु मालपुरा वाले, जगतपुरा, जयपुर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए अतिथियों ने अपने विचार साझा किए।

## श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर में गौमाता के चरणों में बैठकर किया जा रहा रुद्राभिषेक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर के सुरभि भवन में 15 अगस्त 2024 से 18 अगस्त 2024 तक शिव आराधना एवं सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन प्रात: 7.00 बजे से 9.00 बजे तक गौ सेवा संकीर्तन मंडल के द्वारा संत श्री शिव चैतन्य जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है जिसमें 251 जोड़े निरंतर रुद्राभिषेक करते हैं। यह आयोजन पिछले 11 वर्ष से श्रावण मास में विश्व कल्याणार्थ, सनातन धर्म रक्षार्थ एवम गौसवार्थ किया जाता आ रहा है। श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर के सदस्य श्री राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि आज द्वितीय दिवस का सामूहिक रुद्राभिषेक का शूभारंभ 16 अगस्त को प्रात: 7 बजे संत श्री शिवचेतन्य जी महाराज ने करवाया सबसे पहले गौरी गणेश की पूजा करवा कर शिव आराधना करवाते हुए रुद्राभिषेक करवाया जिसमें शिव जी का जल, पंचामृत से अभिषेक करवा कर चंदन, रोली, मौली, जनेऊ,अबीर, गुलाल, अभ्रक,शमी पत्र, पुष्प, धोब, भाग,भस्म, प्रसाद अर्पण किया गया। रुद्राभिषेक के अंत में भोले नाथ एवम गौमाता की सामूहिक आरती की गई। इस अवसर पर गौशाला के महामंत्री शिवरतन चितलंगिया,वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवकी नंदन जाजू, राधेश्याम विजयवर्गीय, शंकर लाल सोनी, गौ सेवा संकीर्तन मंडल के रमेश नईवाल, दिनेश जी गर्ग, कृष्णावतार गुप्ता,रामावतार लकड़ा, जुगल जैन, गुलाब कुमावत, वेद विद्यालय के आचार्य गुरुजी नितिन तिवाड़ी, बृजेश तिवाड़ी,काना राम माली,विष्णु पारीक रिद्धाकरण गुप्ता,उमाशंकर गुप्ता सहित सैकड़ों शिव भक्त उपस्थित थे। आज 17 अगस्त को प्रदोष पूजा के अवसर पर गन्ने के रस के शिव जी का महा रुद्राभिषेक किया जायेगा।

## एमपीएस प्रताप नगर में एक दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर के 16 अगस्त शुक्रवार को प्रात: 8.00 बजे से संध्या काल 5.00 बजे किशोर परामर्श एवं उनके हितार्थ विचार इस महत्वपूर्ण विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजीव श्रीवास्तव, सीईओ, सीबीएसई, रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ जितेंद्र नागपाल, वरिष्ठ सलाहकार एवं मनोचिकित्सक, अपराजिता दीक्षित, वरिष्ठ सलाहकार, शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण, गीता मेहरोत्रा, वरिष्ठ सलाहकार, शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण, विद्यालय के मानद् सचिव सीए गणेश बांगड़ व विद्यालय प्रधानाचार्या रीटा भार्गव की उपस्थिति में विघ्नहर्ता गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। विद्यालय के मानद् सचिव द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया साथ ही किशोर परामर्श और कल्याण जैसी कार्यशालाओं के महत्व पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्या द्वारा आयोजित हो रही कार्यशाला के उद्देश्यों से अवगत कराया गया। मनोरंजनात्मक गतिविधियों के साथ किशोरावस्था में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को किस प्रकार अच्छा रखा जा सकता है ? इस विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति ने आमंत्रित सभी प्रतिभागियों को कुछ नये प्रकार से सोचने हेतु प्रेरित किया। छह सत्रों में आयोजित हुई इस कार्यशाला में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने किशोर परामर्श और कल्याण क्षमता निर्माण से जुड़ी इस कार्यशाला के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का वर्तमान में विशेष महत्व बढ़ गया है। इस अवसर पर प्रतिभागी के रूप में पधारे संपूर्ण देश के सीबीएसई विद्यालयों के 100 से अधिक प्रिंसिपल्स, काउंसलर्स व वरिष्ठ अध्यापक उपस्थित रहे ।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी प्रोजेक्ट किशोरी का शुभारंभ

### महिलाओं और बेटियों में हाइजीन जागरूकता के लिए ब्रह्मोस और प्रजना फाउंडेशन की पहल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रजना फाउंडेशन एवं ब्रह्मोस एयरोस्पेस की ओर से महिला माहवारी स्वच्छता के लिए चलाए जा रहे अभियान प्रोजेक्ट किशोरी का शुभारंभ शनिवार को राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी करेंगी। यह कार्यक्रम वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल गर्ल्स कॉलेज के आर.बी. डंगायच सभागार में आयोजित किया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि दिया कुमारी लाभान्वित महिलाओं को हाइजीन किट का वितरण भी करेंगी। प्रजना फाउंडेशन की संस्थापक प्रीति शर्मा ने बताया कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस के साथ मिलकर महिलाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा उन्हें सपोर्ट के लिए यह पहल शुरू की गई है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उप प्रबंधक ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्रा. लि.सरिता वाघटे, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्पेशल सेंटर फोर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज में प्रोफेसर आयुषी केतकर, रोहित अस्पताल की निदेशक डॉ. शैलजा जैन भी मौजूद रहेंगी। प्रीति शर्मा ने बताया कि प्रोजेक्ट किशोरी निम्न वर्ग की महिलाओं और बेटियों को हाईजीन सुरक्षा और उससे जुड़े स्वास्थ्य के पहलुओं के प्रति जागरूकता के लिए एक इनीशिएटिव है। इसके तहत महिलाओं में बॉडी हाइजीन के प्रति जागरूकता के लिए राजस्थान के कई हिस्से में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उन्हें अच्छी क्वालिटी के हाइजीन किट भी वितरित किए जाएंगे।

## हनीट्रेप में फंसा कर युवक से ऐंठ लिए 6 लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करधनी थाना इलाके में एक युवक को हनीट्रैप में फंसाकर 10 लाख रुपए की डिमांड करने का मामला सामने आया है। डरा-धमकाकर झूठी शादी की फोटो को सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 6 लाख रुपए ऐंठ लिए।

जांच अधिकारी एसआई चमन लाल ने बताया कि गोविन्दपुरा करधनी निवासी 25 साल के युवक ने मामला दर्ज करवाया कि साल-2020 में एक शॉप पर जॉब के दौरान उसकी मुलाकात एक युवती से हुई थी। खरीदारी करने आने के दौरान मोबाइल नंबर लेकर कॉल कर बातचीत करने लगी। मिलने के बहाने बुलाकर साथ घुमना-फिरना शुरू कर दिया। बातचीत के दौरान अनवर नाम के लड़के के चुंगल से बचाने के लिए कोर्ट गवाह बनाने का दबाव बनाया। दिसंबर 2023 में बातों में आने पर कोर्ट ले जाकर बिना पढ़े गवा के तौर पर रियाजूदीन कुरैशी नाम के व्यक्ति ने डॉक्यूमेंट पर साइन करवा लिए।

आरोप है कि मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के कहकर युवती उसे साथ ले गई। मंदिर में पहुंचने पर आरोपी के साथ रियाजूदीन, युसुफ और अनवर नकवी ने जबरन फूल माला एक-दूसरे को पहनाकर फोटो खींच लिए। कहने लगे तुम्हारी शादी हो गई है और डॉक्यूमेंट पर तुमने साइन कर ही रखे है। झूठी शादी करवाकर फोटोज को सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर करीब 6 लाख रुपए ऐंठ लिए। विरोध करने पर एससी और एसटी एक्ट और रेप केस में फंसाने की धमकी देने लगे। हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की डिमांड करने परेशान करने लगे। टॉर्चर से परेशान होकर स्थिति सुसाइड करने तक की पैदा कर दी थी।

## स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** आदर्श विद्या मंदिर विद्या भारती बाल संस्कार केंद्र चारण बस्ती हनुमान मंदिर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया जिसमें मानव अतिथि ब्रह्माकुमारी एवं ममता सक्सेना,सपना सक्सेना, रजनी सेन, विमलेश नैनवा ,अनु पालीवाल, राजू चौधरी ,महिमा जैन पधारे हुए अतिथियों का स्वागत एवं बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में सभी भामाशाहों का सहयोग बहुत अच्छा रहा।हमारे सारे अभिभावक,विनोद शर्मा ,दशरथ बुनकर, मनीष ,अग्रवाल इन सभी का बहुत अच्छा सहयोग रहा । मंजू सेन,मीनू प्रजापत, सुशीला,ज्योति, संचाली का गुलाब कंवर ने सभी अतिथियों का स्वागत करके तिलक लगाकर स्वागत किया ।

## डीजीपी ने किया चार पुलिस उप अधिक्षकों का ट्रांसफर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पुलिस महानिदेशक राजस्थान जयपुर की ओर से शुक्रवार को एक आदेश जारी करते हुए चार पुलिस उप अधिक्षकों का ट्रांसफर किया है। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू की ओर से जारी आदेश के अनुसार नारायण लाल बाजिया को सहायक पुलिस आयुक्त गांधी नगर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट,रामप्रताप बिश्नोई को वृत्ताधिकारी नागौर जिला नागौर, अरविंद कुमार जाट को वृत्ताधिकारी फतेहपुर जिला सीकर और गोपाल सिंह ढाका को वृत्ताधिकारी जिला नागौर लगाया गया है।

स्वतंत्रता दिवस पर खुली रही शराब की दुकान

# शाहपुरा आबकारी विभाग ने ड्राई डे पर शराब की दुकान को नहीं किया सील

- देवली के गौरव पथ सीमा पर ऊंचा पंचायत के नाम संचालित हो रही है देसी अंग्रेजी शराब की दुकान
- अन्य जिले की सीमा के कारण देवली के प्रशासनिक अधिकारी नहीं कर पाते है ऐसे हालातो के विरुद्ध कार्यवाई

बढ़ता राजस्थान





**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** राजस्थान सरकार के निर्देश को दरकिनार कर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर ड्राई डे होने के बावजूद देवली शहर की सीमा पर शराब की दुकान खुली रही। आबकारी विभाग शाहपुरा के अधिकारियों ने देवली शहर के गौरव पथ पर संचालित शराब की दुकान को ड्राई डे पर सील नहीं किया।इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस पर ड्राई डे होने के बावजूद बेखौफ रहते हुए शराब की दुकान खुली दिखाई दी गई।

उल्लेखनीय की देवली शहर के चर्चित जाहजपुर चौराहा के गौरव पथ पर शाहपुरा जिले की ऊंचा पंचायत के नाम देसी अंग्रेजी शराब की कंपोजिट दुकान संचालित है। आपको बता दे कि यह दुकान देवली शहर की सीमा पर आबकारी विभाग शाहपुरा ने नियम विरुद्ध गलत लोकेशन पर खुलवाई हुई है हुई है । ऐसे में स्वतंत्रता दिवस पर ड्राई डे होने के बावजूद उक्त शराब की दुकान का संचालक शटर डाउन कि आड़ में छोटा गेट शराब की बिक्री देर रात तक करता रहा। मजे वाली बात तो यह दिखाई दी कि स्वतंत्रता दिवस पर यहां खुली शराब की दुकान को ना तो हनुमान नगर थाना पुलिस बंद कर पाई और ना ही शाहपुरा आबकारी विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान दिया। उक्त दोनों और जिम्मेदारना महकमे की लापरवाही की वजह से स्वतंत्रता दिवस पर शराब की दुकान का गेट खुल रहा जिसे देख सुर प्रेमियों को यहां शराब उपलब्ध होती रही। देवली शहर के गौरव पथ पर ऊंचा पंचायत का शराब ठेका खुलने की सूचना क्षेत्र वासियों से मिली। इस पर यहां देखा गया कि शाहपुरा आबकारी विभाग के अधिकारियों ने ऊंचा पंचायत की मुख्य शराब की दुकान को ड्राई डे स्वतंत्रता दिवस पर सील नहीं किया,। जिसके कारण स्वतंत्रता दिवस पर देर रात तक यहां शराब बिकती रही । जानकारी के अनुसार राजस्थान सरकार ने आबकारी नीति नियम के तहत स्वतंत्रता दिवस को ड्राई डे घोषित किया हुआ है । तो वही शराब की दुकानें बंद रखने के सख्त निर्देश जारी भी किए हुए हैं। इसके बावजूद देवली शहर के गौरव पथ पर शाहपुरा जिले की ऊंचा पंचायत की शराब की दुकान पर राज्य सरकार के आदेश का मजाक उड़ाया जा रहा था । दुकान के शटर की बगल में बना छोटा गेट पर से शराब की बिक्री होती रही। इधर क्षेत्र वासियों का मानना है कि ऐसे हालातो की जानकारी संबंधित विभाग सहित हनुमान नगर थाना पुलिस को बखूबी प्राप्त थी, लेकिन दोनों ही जिम्मेदार ना महकमें के अधिकारी उक्त बने हालात को नजरअंदाज करते रहे ।और ऐसे हालातो की बदौलत से स्वतंत्रता दिवस पर सुरा प्रेमियों को शराब बेचने का सिलसिला प्रतिदिन की भांति चला दिखाई दिया। ऐसे में देवली प्रशासनिक अधिकारियों की मजबूरी यह बनी हुई है कि। उक्त शराब की दुकान के विरुद्ध कार्रवाई करने का अधिकार स्थानीय पुलिस और आबकारी अधिकार को प्राप्त नहीं है । इसलिए की यह दुकान देवली शहर की गौरव पथ सीमा पर अन्य जिले के नाम आबकारी विभाग शाहपुरा ने खुलवाई हुई है।



## हर्षोल्लास एवं धूम धाम से मनाया उपखण्ड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह

### आज का भारत ईंट का जवाब पत्थर से देने में सक्षम : कृपलानी

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** निम्बाहेड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में गुरुवार को उपखण्ड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट विकास पंचोली ने प्रात: 9.05 बजे ध्वजारोहण किया। समारोह पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

समारोह के आरम्भ में विधायक श्रीचंद कृपलानी, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष शारदा, पूर्व विधायक एवं नेताप्रतिपक्ष अशोक नवलखा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ, तत्पश्चात उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट पंचोली ने खुली जीप में परेड निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विधायक कृपलानी ने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व में जहां भी हिन्दुस्तानी निवास करते हैं, वहां हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ भारत की आजादी का पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर हमें आज उन्हें भी कभी नहीं भूलना चाहिए, जो देश को आजाद करवाने के लिए अपनी अंतिम सांस तक की आहुति देने के लिए डटे रहे। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने मात्र आठ माह के कार्यकाल में निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र की सभी बड़ी मांगों को पूर्ण करने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। मन, वचन एवं कर्म से भागीदारी निभाते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाएं, तो होगा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का स्वप्न पूरा- एसडीएम पंचोली समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट पंचोली ने कहा कि हम अपने मन, वचन एवं कर्म से अपनी भागीदारी निभाते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाएं तभी हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का स्वप्न पूरा होगा। उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा हेतु पौधारोपण का संकल्प लेने तथा नशा मुक्त भारत के लिए नशा मुक्ति हेतु अभियान में भागीदारी निभाने के लिए सभी सामाजिक संगठनों को व गणमान्य नागरिकों को जागरूक होने का आह्वान किया।

**समारोह में 58 प्रतिभाओं को किया सम्मानित :** निम्बाहेड़ा ब्लॉक स्तर पर शिक्षा एवं विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 58 प्रतिभाओं को विधायक कृपलानी, एसडीएम पंचोली सहित अतिथियों के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भादवासी की ममता फगेडिया राज्य स्तर पर हुई सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**सीकर ( नि.स. )।** मेडिकल कॉलेज सीकर में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर ममता फगेडिया को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व सेवा के लिए जयपुर स्वास्थ्य भवन में राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सरपंच विमला देवी और ग्रामवासियों ने उनको बधाई दी।

## उत्कर्ष कार्य के लिए हुए सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**सीकर ( नि.स. )।** निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जयपुर में आयोजित राज्य 78 वे स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 में श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर्स रणवीर शेखावत, ममता फगेडिया ,अब्दुल रहमान ,अनूप चाहर को जयपुर स्वास्थ्य भवन में उत्कर्ष कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला गंगधार सहित क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया,उपखंड स्तरीय समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया जहा उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने झंडा फहराकर परेड की सलामी ली। सभी सरकारी गैर सरकारी कार्यालय पर झंडा फहराया गया। चौमहला में सर्व प्रथम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संस्था प्रधान द्वारा झंडा फहराया गया,यही से प्रभात फेरी की शुरुवात हुई, ग्राम पंचायत पर सरपंच प्रेमलता भंडारी, क्रय विक्रय सहकारी समिति पर अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह,ग्राम सेवा सहकारी समिति पर करण सिंह,ब्रह्मा कुमारी आश्रम पर ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ,नगर के मुख्य झंडा चोक पर डॉक्टर हैरिसन जोशी ने झंडा फहराया।उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार प्रांगण में हर्षोल्लास से साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ ढ्ढउपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने ध्वजारोहण कर किया।इसके बाद खुली जीप में प्रांगण में परेड का अवलोकन किया और सलामी ली ,स्थानीय व डग के सरकारी व निजी विद्यालयों के छात्रों व छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमो की आकर्षक प्रस्तुति ,इस समारोह में समाजसेवी ,भामाशाहो सहित ,सभी विभागों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मानित कर ,प्रशंसा पत्र,स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए।

# आजादी की लड़ाई में चूरू की भूमिका उल्लेखनीय : सत्यानी

### जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान





**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिले में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाईन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, पुलिस अधीक्षक जय यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, चूरू नगरपरिषद सभापति पायल सैनी, चूरू प्रधान दीपचंद राहड़, पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मचारी नागरिक, विद्यार्थी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में जिला कलक्टर ने मार्च पास्ट का निरीक्षण कर सलामी ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया।

समारोह में आरआई सतबीर मीणा के नेतृत्व में राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड एवं एनसीसी, स्काउट-गाइड ने मार्च पास्ट किया। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, विधायक हरलाल सहारण, चूरू पंचायत समिति प्रधान दीपचंद राहड़ ने जिले में उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर उपलब्धियों पर सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, रतनगढ़ एसडीएम अमित कुमार वर्मा, राजगढ़ तहसीलदार इमरान खान, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, अध्यापक राहुल स्वामी, सहायक प्रोग्रामर गुरप्रीत सिंह, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ किशन सिहाग, महेन्द्र सोनी, सहायक लेखाधिकारी द्वितीय सुमन खत्री, कनिष्ठ सहायक मुकेश कुमार पारीक, विकास मालू के प्रतिनिधि विनीत मालू, जितेन्द्र राजवी व निखिल शर्मा, राजेन्द्र प्रजापति के प्रतिनिधि प्रेमलता प्रजापति व भरत प्रजापत तथा राजस्थान पत्रिका समूह सहित 67 अधिकारियों, कर्मचारियों, संस्थाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल, जयसिंह तंवर, प्रधान दीपचन्द राहड़, एसीईओ दुर्गा ढाका, सहायक निदेशक (जनसम्पर्क) कुमार अजय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) कंवर दलीप सिंह, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, आयुक्त अभिलाषा सिंह, डीवाईएसपी मनफूल, बंसत शर्मा, इंद्राज खीचड़, अजय मीणा सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि, मीडियाकर्मी एवं गणमान्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**शहीद स्मारक पर सेनानियों को किया याद :** मुख्य समारोह से पूर्व विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी, पुलिस अधीक्षक जय यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तमसिंह शेखावत, उपखण्ड अधिकारी बिजेन्द्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) कंवर दलीप सिंह, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा, विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, श्रीराम शर्मा, अख्तर खान, एडीपीआर कुमार अजय, कर्नल विक्रम सिंह शेखावत, सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पूर्व सैनिकों ने शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की।

## भंडारे का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**राजाखेड़ा ( नि.स. )।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर राजाखेड़ा जैन धर्मशाला के बाहर विशाल भंडारे का आयोजन श्री सौम्य सुयोग्य संस्थान द्वारा किया गया। समिति के सदस्य ललित जैन ने बताया कि संस्था की मार्गदर्शक जगत पूज्य जैन साध्वी गणिनी श्री सुयोग्य नंदिनी माताजी के 28 वें अवतरण दिवस पर सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों की सहमति श्री मुकेश जैन पटवारी के संयोजन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । इस दौरान लगभग 1200 लोगों द्वारा भोजन किया गया । इस दौरान मंत्री राजेश जैन मुकेश जैन ओमप्रकाश जैन देवेंद्र जैन बॉबी राजनैतिक चेतना मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन जैन राजू सतेंद्र जैन ललित जैन रामू जैन सम्यक जैन कमल जैन नितेश जैन सहित सम्पूर्ण समाज के लोग उपस्थित रहे। संस्था के सचिव रामकुमार जैन ने बताया कि मनियां नगर गौरव परम पूज्य गणिनी आर्यिका श्री सुयोग्य नंदिनी माताजी का जन्म श्रावण शुक्ल एकादशी को श्री विनोद कुमार जैन के घर निधि जैन के रूप में हुआ था ।

## क्षेत्र मे 78वाँ स्वतन्त्रता दिवश हर्षोल्लास से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान



फुलेरा ( नि.स.)। क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को आजादी की 78वीं वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाई गई। मुख्य समारोह कस्बे के स्कूल मैदान में मनाया गया,यहां पर पालिका अध्यक्ष संगीता अग्रवाल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विधाधर सिहं चोधरी द्वारा झण्डा रोहण किया गया। कार्यक्रम मे सरकारी व निजी स्कूलो के छात्र छात्राओ द्वारा पीटी प्रदर्शन व साँसकृतिक कार्यक्रमो की भव्य प्रस्तुतिया दी गई। इसके अलावा भाजपाईयो द्वारा पूर्व विधायक आवास पर स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। यंहाँ पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने,राजकीय माध्यमिक विधालय श्रीराम नगर मे जनसंघ को कस्बे मे संस्थापक कैलाश नारायण साहु,नगर पालिका कार्यालय पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संगीता अग्रवाल,गाँधीचोक पर पालिकाउपाध्यक्ष योगेश सैनी ,पुलिस थाना पर थानाध्यक्ष बाबूलाल मीणा,जीआरपी थाने पर सीआई गुलजारी लाल,सब जेल पर जेलर भरतलाल मीणा की अध्तयक्षता मे उपखण्ड अधिकारी एम एस यादव ने व वरिष्ठ नागरिक परिषद पर समाज सेवी राम अवतार टेलर ने ध्वजा रोहण किया।

## कोटपूतली मे धूमधाम व हर्षोल्लास से मना 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( नि.स. )।** जिले में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गुरूवार को स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के ग्राउण्ड में रिमझिम बारिश के बीच बिना किसी रूकावट के धूमधाम से मनाया गया। समारोह के दौरान प्रतिभागी बच्चों का जोश देखते ही बन रहा था। समारोह की मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व विशिष्ठ अतिथि विधायक हंसराज पटेल ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट में परेड कमांडर निरीक्षक मोहम्मद इमरान के नेतृत्व में पुलिस होमगार्ड, एनसीसी के महिला व पुरुष दल ने भाग लिया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। इसी तरह विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में भी राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। शहर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों में राष्ट्रीय पर्व मनाने को लेकर जबरदस्त उत्साह रहा। बारिश भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सकी। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व विधायक हंसराज पटेल ने स्वतंत्रता सेनानियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के सैंकड़ों बालक-बालिकाओं ने बैंड की धुन पर सामूहिक व्यायाम तथा देश भक्ति गानों की थीम पर देश भक्ति की भावनाओं का संचार करते हुए अनुपम प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर जिले का नाम रोशन करने वाली 39 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

**एट होम कार्यक्रम में वीरांगनाओं ने कलेक्टर के गले लगकर साझा किये दुख-दर्द**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के पश्चात जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सभी सम्मानित वीरांगनाओं को कलेक्ट्रेट निवास पर एट होम कार्यक्रम में आमंत्रित किया। इस दौरान जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने वीरांगनाओं के साथ भोजन साझा करते हुए हाल-चाल जाने।

# सावन की रिमझिम बूंदों के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** जिले में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित आरएसी परेड ग्राउंड पर किया गया। सावन की रिमझिम बूंदों के बीच मुख्य समारोह में पूर्ण उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल राजस्थान पुलिस, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान गृह रक्षा दल, एनसीसी, स्काउट की टुकड़ियों का परेड कमांडर प्रमेन्द्र रावत के नेतृत्व में निरीक्षण किया। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने महामहिम राज्यपाल का प्रदेश के नाम संदेश पढ़कर सुनाया। इससे पूर्व जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कलक्टर निवास एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने बालिकाओं की डिजिटल साक्षरता के पोस्टर का विमोचन किया। जिला कलक्टर संगीत एवं राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं को पारितोषिक वितरित किए। आरएसी मैदान पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में रिमझिम बारिश के बीच भी राष्ट्रपर्व के प्रति नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं की उत्साह एवं उल्लास की बानगी देखने को मिली एवं व्यायाम पीटी का प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। बाड़ी उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला बाड़ी में मुख्य समारोह का ध्वजारोहण किया एवं मार्च पास्ट सलामी ली और मंच पर संबोधित करते हुए अपने एक एक शब्द में देशभक्ति की बातों का उल्लेख किया और आजादी कैसे मिली इसमें हमारे देश के अमर शहीदों का क्या योगदान रहा और सभी उपखंड बासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस दौरान मुख्य समारोह मंच पर अनेकों देशभक्ति कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इस मौके पर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा,तहसीलदार मोहम्मद हनीफ,एडीशनल एसपी नरेंद्र सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी दाऊदयाल शर्मा,विकास अधिकारी रामबोल सिंह गुर्जर,अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र सिंह, शिवलहरी मीणा कोतवाल,बीसीएमओ डॉ गब्बर मीणा,हायर सेकंडरी प्रिंसीपल हरीओम सिकरवार, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी प्रिंसीपल विनोद कुमार शर्मा, सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा, कनिष्ठ



लिपिक विक्रांत मिश्रा,नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता अमित अग्रवाल, नगर पालिका डीईओ तपेश बिधूडी, हर्षराज पचौरी, अश्विनी शर्मा, उपखंड कार्यालय नीरज सिंघल, कनिष्ठ लिपिक पुष्पेंद्र सिंह परमार, लक्ष्मी नारायण शर्मा,राजबाई मीणा नर्सिंग सामान्य चिकित्सालय, मनु बिधूडी नगर पालिका बाड़ी, सहित सैकड़ों स्कूलों के बच्चे एवं अधिकारी कर्मचारी सहित पुलिस प्रशासन व पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

**जिला कलक्टर ने जिला कारागार में कैदियों को दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई :** स्वतंत्रता दिवस पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी मुख्य कार्यक्रम के पश्चात जिला कारागार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कैदियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं अभिव्यक्त की। उन्होंने वहां मौजूद कुछ कैदियों को मिष्टान्न प्रस्तुत कर अच्छे आचरण को अपनाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी बन्दी कारागार अनुशासन का पालन करें, कानून प्रक्रिया में विश्वास रखें एवं भविष्य में जब भी मुक्त होकर जाये तो अच्छे व्यवहार एवं आचरण के साथ समाज की मुख्य धारा के साथ चलने का प्रयास करें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने भी कैदियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई संप्रेषित कर वार्ता की। कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा, नगर परिषद सभापति खुशबु सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष धीरसिंह जादौन सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द प्रसाद शर्मा द्वारा किया गया।

## अधिकारी जनसुनवाई को गंभीरता से लेकर समस्याओं का मौके पर करें निराकरण : कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** प्रत्येक माह के तृतीय गुरूवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में पंचायत समिति के वीसी सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य स्थानीय लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करना है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला अथवा ब्लॉक स्तर की समस्याओं को पंजीयन कर संबंधित विभागों के माध्यम से समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसुनवाई में आये प्रत्येक नागरिक से रूबरू होकर उनके परिवादों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से मौके पर ही समाधान कराया।

जनसुनवाई के दौरान परिवादियों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्ध करवाने, पेयजल की समस्या का सामधान करवाने, विधवा पेंशन दिलवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलवाने, एनएफएसए मे नाम जुडवाने, ग्रामीण क्षेत्र मे हो रहे अतिक्रमण को हटवाने, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदलवाने, ग्रामीण क्षेत्र मे सडक निर्माण करवाने, पीएम आवास योजना मे नाम जुडवाकर आवास दिलवाने, कृषि विद्युत कनेक्शन दिलवाने, सीमाज्ञान करवाने, बंद पडे रास्तों को शुरू करवाने, आधार कार्ड में संशोधन करवाने से सहित कुल 36 प्रकरण जनसुनवाई के दौरान प्रस्तुत किए गए।इस दौरान विभागों की जिला स्तरीय अधिकारियों सहित उपखंडधिकारी बृजेश चौधरी,उप अधीक्षक राजेंद्र बुरड़क आदि मौजूद रहे।

## डकैती की योजना बनाते पांच बदमाश गिरफ्तार

### मिलिट्री स्कूल के पास जंगलों से दबोचा, पांच देसी कट्टे और 7 कारतूस बरामद



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की सदर थाना पुलिस के साथ डीएसटी और क्यूआरटी टीम ने मिलिट्री स्कूल के पास जंगलों में डकैती की योजना बनाते पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने पांच देसी कट्टे और 7 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी जंगलों में छिपकर डकैती की योजना बना रहे थे। सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस असामाजिक तत्वों की धरपकड़ कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग मिलिट्री स्कूल के पीछे जंगलों में बैठकर डकैती की योजना बना रहे हैं। जिनके पास अवैध हथियार भी मौजूद हैं। सूचना मिलने के बाद एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर सीओ सिटी तपेंद्र मीणा के नेतृत्व में डीएसटी, क्यूआरटी और सदर थाना पुलिस की टीम का गठन किया गया। एसपी के निर्देश पर गठित की गई पुलिस की टीम ने जंगलों के चारों ओर से घेराबंदी कर ली। जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने साहस का परिचय देते हुए डकैती की योजना बना रहे पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम ने डकैती की योजना बनाते हुए रामलखन (26) पुत्र लायकसिंह निवासी चैंचीपुरा थाना मनियां, विष्णु (24) पुत्र रामप्रसाद निवासी चैंचीपुरा थाना मनियां जिला धौलपुर, रामदीन (24) पुत्र फूलसिंह निवासी मानपुर का पुरा थाना कौलारी, बबलूसिंह (38) पुत्र साहबसिंह निवासी नरीपुरा थाना खेरागढ़ जिला आगरा उत्तर प्रदेश और हरवीर सिंह (28) पुत्र छोटेलाल निवासी नयापुरा थाना बाड़ी सदर जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पांच देसी कट्टा और 7 कारतूस बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर पर स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण, उद्घाटन व रक्तदान शिविर सहित भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान के सचिव राजेश सिंघल ने बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान अलवर के द्वारा संचालित रोटरी चैरिटेबल ब्लड सेंटर पता 3, इंस्टीट्यूशनल एरिया अंबेडकर नगर अलवर, बीजेपी कार्यालय के पास पर झंडा रोहण कर राष्ट्र गान के बाद तिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गए भारत माता की जयकार, राष्ट्र गीत वंदे मातरम के बाद सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुए अगला कार्यक्रम सोलर सिस्टम उद्घाटन की ओर प्रस्थान किया। उसके बाद संस्थान सदस्यों ने भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर आरती वंदना की।अगला कार्यक्रम सोलर सिस्टम जो कि रोटरी ब्लड सेंटर के भारी बिजली बिल का भुगतान के बचाव के लिए 40 किलोवॉट का सोलर सिस्टम लगावाया गया है जिसका बटन दबाकर शुरू करते हुए पूर्व प्रांतपाल क्रांति मेहता जी ने फीता काटकर उद्घाटन किया और सोलर से बिजली का उत्पादन होना प्रारम्भ हुआ। अगला उद्घाटन कार्यक्रम लोवर ग्राउंड फ्लोर 4000 वर्ग फुट में टाइल्स वर्क हेतु करवाया गया जिसका उद्घाटन वरिष्ठ सदस्य श्री मदन मोहन खंडेलवाल जी ने किया।

इसका उपयोग संस्थान में होने वाले बड़े ब्लड डोनेशन कैंप, मेडिकल कैंप व अन्य कार्यक्रमों के उपयोग के लिए आवश्यक समझ कर तैयार किया गया है। इसी के साथ जीवन रक्षा बंधन रक्तदान सप्ताह के तीसरे दिन रक्तवीरों ने रक्तदान किया जिसमें रोटरी एवं संस्थान सदस्य घनश्याम खण्डेलवाल जी के रक्तदान से शुरूआत की गई।

## श्री श्याम परिवार ने निकाली तिरंगा रैली



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** समिति के अध्यक्ष राजेश सवाईका ने बताया कि श्री श्याम परिवार द्वारा प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इसी क्रम में 15 अगस्त को प्रभात फेरी को तिरंगा रैली का स्वरूप देते हुये डीजे की धुनों पर हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारें लगाते हुये तिरंगा रैली निकाली गई।

रैली में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भी मौजूद रही। राजेश सवाईका ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक कार्यक्रम नहीं है यह एक जज्बा है, एक जोश है, देश प्रेम के प्रकटीकरण का जूनून है। उन्होंने वीर सावरकर के वाक्य को भी दोहराया, जो साथ चलेंगे उन्हें साथ लेकर चलेंगे, जो साथ नहीं चलेंगे उन्हें छोडकर चलेंगे, और जो मार्ग में बाधक बनेंगे उन्हें ठोकर मार कर चलेंगे, क्योंकि चलना ही हमारी नियति है। रैली का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अन्त में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कुलदीप जोशी, विरेंद्र गुप्ता, रजत जिंदल, योगेश बंसल, बिल्लु मोठुका, रवि सवाईका, रामकिशन, श्याम सिंह, रोहित गुप्ता, हेमंत मोरीजावाला, कुलदीप खंडेलवाल, शेखर कौशिक, चंद्रप्रकाश बीदाणी, सुमन सैनी, मनीष यादव, राजेंद्र सैनी, गौरीशंकर बंसल समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर मिला सम्मान डॉ. दीपिका अरोड़ा प्रशासन द्वारा सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राष्ट्रीय एन आई एस बास्केटबॉल कोच डॉक्टर दीपिका अरोड़ा को प्रशासन द्वारा बास्केटबॉल खेल में राजस्थान ने लगभग 20 वर्षों बाद विद्यालय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उच्चतम प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन किया । इनके उचित मार्गदर्शन से राजस्थान के खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल करी इस उपलक्ष में प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एमजीजीएस साहडोली रामगढ़ सरकारी विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक डॉक्टर दीपिका अरोड़ा को यह सम्मान 15 अगस्त 2024 को स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री माननीय संजय शर्मा जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता एवं जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर द्वारा प्रदान किया गया । निश्चित ही डॉ. दीपिका के सराहनीय उत्कृष्ट कार्य के लिए जो सम्मान उन्हें मिला है उसे न केवल विद्यालय बल्कि पूरे देश में अलवर शिक्षा विभाग का नाम इन्होने गौरवान्वित किया है।

## सेवा के लिए मिला जुगनू को सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ ( नि.स. )।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजगढ़ पुलिस ने ध्वजारोहण के बाद विभिन्न कार्यक्रम किया जहां पुलिस की ओर से सामाजिक और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सेवा सम्मान दिए गए । बेजुबान गोवंशों को कुएं से निकलना पक्षियों में मृतक लोगों को कुएं से निकलने का जोखिम भरा काम राजगढ़ निवासी जुगनू वाल्मीकि अपनी जान पर खेल कर करते हैं । ऐसे में राजगढ़ थाने में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सेवा सम्मान से जुगनू वाल्मीकि को नवाजा गया यह पुरस्कार डिप्टी एसपी मीनाक्षी मीणा और राजगढ़ थाना अधिकारी रामजीलाल सैनी ने प्रदान किया।

## निजी होटल में काम करने वाले रसोईये की संदिग्ध मौत

### रात में काम खत्म कर गया था सोने सुबह मिला शव, नेपाल के उन्नी जिले का निवासी मृतक

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर,( नि.स. )।** शहर के एक निजी होटल पर काम करने वाले रसोइया की संदिग्ध अवस्था में मौत हुई है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। जहां परिजनों के आने पर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज करते हुए घटना की जांच में जुटी है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि शहर के बाईपास पर स्थित एक निजी होटल में काम करने वाले रसोईया (सेफ) की मौत का मामला सामने आया है। होटल मालिक और वहां मौजूद कार्मिकों का कहना है कि रसोईया 13 तारीख की रात को रोज की तरह होटल का काम करके बेसमेंट में सोने गया था। दूसरे दिन 14 तारीख को सुबह 9 बजे तक जब वह नहीं जागा और ऊपर नहीं आया तो उसको जगाने के लिए एक कर्मचारी नीचे गया। जिसके बाद घटना की पूरी जानकारी हुई। इसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी रखवाया साथ मे नेपाल के उन्नी जिला निवासी मृतक रसोईया देवीराम पुत्र नारायण प्रसाद पंथी के पास मिले मोबाइल से उसके परिजनों को जानकारी दी। मृतक रसोइया देवीराम यहां होटल पर कई वर्षों से रसोईया का काम कर रहा था। सोने के दौरान उसको अटैक आया या अन्य कोई घटना हुई इसको लेकर परिजनों के आने पर मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है।

## बीमार बच्चे को अस्पताल दिखाने आ रही मां और बच्चा सड़क दुर्घटना में घायल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर,( नि.स. )।** शहर के सैपऊ रोड पर पीपल बस स्टैंड के पास एक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली के चलते बाइक का संतुलन बिगड़ गया। ऐसे में बाइक ट्रॉली के नीचे आते बाल-बाल बची और सड़क किनारे गिर गई। उक्त दुर्घटना में बाइक पर अपने दस महीने के मासूम बालक को लेकर बैठी मां घायल हो गई। दुर्घटना में मासूम बालक भी घायल हुआ है। घटना के बाद दोनों घायलों को सूचना पर पहुचे परिजनों द्वारा बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर थाना क्षेत्र के पूरा मदारी गांव निवासी गुड्डेश जाटव की पत्नी सीमा अपने 10 महीने के मासूम बालक ऋतिक को अपने भांजे अंकित के साथ लेकर गुरुवार की शाम बाइक से बाड़ी अस्पताल आ रही थी।

## उत्कृष्ट अंक लाने वाली छात्राओं को मिला टैबलेट स्कूल प्राचार्या प्रमिला शर्मा ने दिया टैब



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मौजदीका में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गई साथ ही आठवीं क्लास में दो बच्चियों को राज्य सरकार की टैबलेट योजना के तहत कक्षा 8 में 91% तथा 94% प्राप्त करने पर ग्राम वासियों तथा प्रधानाचार्य प्रमिला शर्मा के द्वारा टैबलेट भेंट किए गए । कार्यक्रम का संचालन अध्यापक भरत सिंह ने किया तथा भामाशाह सुरेश शर्मा द्वारा 50000 की राशि विद्यालय विकास के लिए दी गई समस्त ग्राम वासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग मिला सभी शिक्षक साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की ।

## इंग्लिश मीडियम स्कूलों में चयन के लिए बोनस अंकों के प्रावधान प्रतिभाओं के साथ अन्याय

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षक चयन में बोनस अंकों के प्रावधानों को समाप्त कराकर समानता स्थापित कराने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को प्रेषित ज्ञापन में लिखा है कि शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश में संचालित 134 विवेकानंद मॉडल स्कूल एवं 3737महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य के रिक्त पदों को भरने हेतु विभाग में सेवारत शिक्षकों से आवेदन लेकर 25 अगस्त को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया 78 वां स्वाधीनता दिवस

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने किया ध्वजारोहण, 83 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** 78 वें स्वाधीनता दिवस पर गुरूवार को जिला स्तरीय मुख्य समारोह महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रात: 9:15 बजे ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया एवं सलामी ली। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए 83 प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि इस देश को गुलामी की बेडियों से आजाद कराने के लिए हजारों लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी है। उन वीर बलिदानियों के त्याग एवं बलिदान से मिली इस आजादी के मूल्य को समझते हुए हमे प्रतिबद्धता के साथ देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में प्राण न्यौछावर करने वाले ज्ञात-अज्ञात शहीदों को याद करते हुए देश की सीमाओं की रक्षा के लिए शहीद हुए सैनिकों को भी नमन किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लें कि आज से ही प्रतिबधित पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेंगे और प्रदेश को स्वच्छ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गंदगी को दूर करते हुए स्वच्छता अपनाकर प्रदेश को खुशहाल बनाएं। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान-''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत 7 अगस्त को हरियाली तीज पर पूरे राजस्थान में 2.50 करोड़ पौधे लगाए गए। प्रदेश में आगामी 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाकर उन्हें पेड बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

**स्वतंत्रता सैनानियों एवं लोकतंत्र सैनानियों का किया सम्मान :** जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सैनानियों एवं लोकतंत्र सैनानियों को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह के आरंभ में राज्यपाल के संदेश का पठन कार्यवाहक अतिरिक्त कलक्टर शहर गजेन्द्र सिंह ने किया। समारोह में राजस्थान पुलिस, आरएसी, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड की टुकडी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। परेड कमांडर आरएसी के कम्पनी कमांडर विजय पाल रहे। शहर पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर दीपेन्द्र कुमार, ग्रामीण महिला पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर प्रिंयका गुर्जर, आरएसी की टुकड़ी का नेतृत्व प्लाटून कमान्डर जगमोहन ने किया। मार्च पास्ट में 7 राज एनसीसी गर्ल्स बटालियन ने प्रथम, आरएसी के दल ने द्वितीय एवं राजस्थान होमगार्ड के दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम :** समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा संगीत की धुनों के साथ शारीरिक व्यायाम एवं समूह गीत-नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रगान के साथ समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पुरूषोत्तम शर्मा व श्रीमती संज्ञा शर्मा ने किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज रविदत्त गौड़, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक शहर अमृता दुहन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण करण शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इससे पूर्व शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन किया।



# शहर के प्रतिष्ठित व संपन्न परिवार द्वारा की जा रही है खुले आम बिजली चोरी

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा शहर में अटल नगर हाउसिंग बोर्ड से आगे हाथी मॉल मार्ग पर शहर के नामचीन ठेकेदार सावंत सिंह के फार्म हाउस पर बन रहा नया लोहे का प्रवेश द्वार जिसमे लोहे के गेट को वेल्डिंग की जा रही थी जिसको बिजली की आवश्यकता होने पर पास में लगी बिजली विभाग की डीपी से आंकड़े डालकर प्रवेश द्वार के गेट की वेल्डिंग की गई ।

इस संबंध में कार्य कर रहे कर्मचारी से पूछा गया कि यहां पर आप खुलेआम बिजली चोरी क्यों कर रहे हो तो उन्होंने कहा कि हम तो काम करने वाले हैं, डीपी से तार सावन सिंह जी के मुनीम लगाकर गए हमें ना तो लगाना आता है ना खोलना आता है। ऐसे हालातो से लगता है की इस शहर मे बिजली चोरी करने वालो के हौसले कितने बुलंद है, खुले आम बिजली विभाग की डीपी से आंकड़े डाल कर प्रवेश द्वार की वेल्डिंग कर दी गई ।

इस संबंध में बिजली विभाग के सहायक अभियंता विपिन सेन ने बताया की मैडम को भेज दिया है वह मौके पर ही है , वहां से तार तो खोल लिए गए हैं ओर मोके पर कोई मौजूद नहीं था।

## उच्च न्यायालय को गुमराह करने पर न्यायाधीश ने दिए

# कमल राठौर, मनोज मीना, तेजेष सुमन के खिलाफ नोटिस जारी करने के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** बारां नगर परिषद बारां की सरकारी पत्रावलियाँ गायब होने पर तत्कालीन नगर परिषद आयुक्त मनोज मीणा द्वारा पुलिस थाना कोतवाली, बारां मे एफआईआर नम्बर 59/2022 दर्ज करवायी गयी थी, जिस पर पुलिस द्वारा किए गए अनुसंधान के बाद तीनों की गिरफ्तारी हुई एवं नगर परिषद बारां के पूर्व सभापति कमल राठौर उसके साथी तेजेष सुमन, आयुक्त मनोज मीणा व अन्य के विरुद्ध सक्षम न्यायालय मे दिनांक 25 जुलाई 2023 को चालान किया गया था।ब्लॉक अध्यक्ष बारां सिद्वार्थ नागर ने बताया कि इस प्रकरण की एफआईआर में बाद में नगर परिषद बारां के तत्कालीन आयुक्त मनोज मीना ने अपराधी होते हुए स्वयं को मुलजिम होने के तथ्य को जानते हुए अन्य मुलजिम कमल राठौर और तेजेष सुमन ने आयुक्त से अपने पक्ष मे राजीनामा पेश करवा लिया था जो कानूनी रूप से गलत था और इसी राजीनामे के आधार पर माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय से इस एफआईआर को दिनांक 08 मई 2024 को न्यायालय को गुमराह कर खत्म करवा लिया गया था, जिस पर दिनांक 13 अगस्त 2024 को माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने सरकारी वकील के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई कर दिनांक 08 मई 2024 के आदेश को फ्रोड तरीके (फर्जीवाडा) से ऑब्टेन करने का दोषी मानते हुए कमल राठौर, तेजेष सुमन और आयुक्त मनोज मीणा को नोटिस जारी किये है। माननीय उच्च न्यायालय जयपुर के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय आर. राजेश्वरी बनाम एच.एन. अग्रवाल का उल्लेख किया है जिसके पैरा संख्या-15 में यह लिखा है कि कुछ दुर्लभ मामलों में उच्च न्यायालय धारा 482 सीआरपीसी के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए अपने आदेष की समीक्षा कर सकता है। गौरतलब है कि कमल राठौर पूर्व में भी माननीय जिला सेषन न्यायालय, बारां में फर्जीवाडा कर चुका है, जिसका मुकदमा संख्या 154/2016 माननीय जिला सेषन न्यायालय, बारां में आज भी विचाराधीन है एवं इस मुकदमें में कमल राठौर जेल भी गया था। कमल राठौर फर्जीवाडे एवं जालसाजी का आदी है तथा जिला सेषन न्यायालय, बारां एवं माननीय उच्च न्यायालय के साथ फर्जीवाडे किए जाने की श्रृंखला जारी है। इस आदतन अपराधी के अभी भविष्य में और भी ऐसे मामले उजागर होने वाले है।

# प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह की भूमिगत मजार के दीदार हेतु लगी लंबी कतारें





बढ़ता राजस्थान

**कपासन(नि.स.)।** प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की भूमीगत मज़ार के दीदार हेतु लम्बी कतारे लगी।धूणा के तरीकबंद फुकरा हज़रात को दी विदाई। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खां अशरफी ने बताया कि भूमीगत मज़ार के दर्शन हेतु बुलंद दरवाजा तक लम्बी-लम्बी कतारे लगी।आस्ताना ए आलिया मे बाबे नेअमत से प्रवेश दिया। दर्शन के बाद बाबे सलाम से बाहर निकलने कि व्यवस्था की गई।देर रात्री को सभी जायरीन के दर्शन बाद पट बंद कर दिये।आम जायरीन के दर्शन हेतु एक साल बाद पट खोले जायेगें।बाद नमाज़े जौहर के धूणा के रफाईया, मदारिया, जलालिया, सिलसिले के तरीकतबंद फुकरा हज़रात के खलीफा, नकीब, भण्डारी, कोतवाल, सिपाही, मिस्कीन, ओहदेदारो को वक्फ कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी, असलम शैख ने बाबा हुज़ूर की चादर पेशकर विदाई की रस्म अदा की।

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की पुण्यतिथि पर कपासन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजली अर्पित की



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को पुष्पांजलि अर्पित की गयी।नगर में स्थित क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के कार्यालय पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया के नेतृत्व में मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,पार्षद गोपाल पूर्बिया, अकील शाह,मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सोनी,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री भगवतीलाल आचार्य,युवा मोर्चा पूर्व अध्यक्ष मनीष बारेगामा,अशोक शर्मा, महेश चास्टा आदि द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में देश ने चहूँओर विकास किया।जिसे 10 वर्ष पूर्व से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं।

# सेवानिवृत शिक्षक के परिवार ने विद्यार्थियो को भोजन कराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** समीपवर्ती उपखंड क्षैत्र भूपालसागर के स्थानीय निवासी बापना परिवार द्वारा भूपालसागर कस्बे में स्थित समस्त राजकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु भोजन का आयोजन कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।इस दौरान आयोजक परिवार के सेवानिवृत शिक्षक भगवतीलाल बापना,कुलदीप बापना,मनन बापना एवं समस्त परिवारजन विद्यार्थीयो की सेवार्थ उपस्थित रहे।इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा सेवानिवृत शिक्षक भगवतीलाल बापना एवं परिवारजनों का उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

# गुलेल से सीड्स बॉल का किया बीजारोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत महिला मण्डल की महिलाओं द्वारा कात्याखेड़ी गांव में व मुकुन्दरा विहार के जंगलों की पहाड़ियों में सीड्स बॉल को गुलेल के माध्यम से बीजारोपण किया गया है। संस्था की सचिव सुनीता गोयल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को अनूठे ढंग से मनाया। मुकुन्दरा विहार के जंगल व पहाड़ियों पर पहुंचने के बाद वहां से महिलाओं ने पहाड़ी के चारों दिशाओं में गुलेल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के बीजों जैसे जामुन, आम का छिड़काव किया। महिला मंडल की अध्यक्ष शिखा मित्तल व सचिव सुनीता गोयल ने बताया कि महिलाओं के द्वारा पिछले कुछ दिनों से गोबर, मिट्टी और बीज के मिश्रण से सीड्स बॉल बनाई गई थी।

# भारत बंद को लेकर अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** हाडोती आदिवासी मीणा छात्रावास, छतरपुरा में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 21 अगस्त को प्रस्तावित भारत बंद के संदर्भ में रणनीति तैयार करना था। बैठक की अध्यक्षता रामस्वरूप मीणा, संभागीय अध्यक्ष, हाडोती आदिवासी मीणा सामाजिक सुधार संघ कोटा ने की। बैठक में अन्य प्रमुख वक्ताओं में चतुर्भुज खींची (अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर समिति), विनय सिंगल(महासचिव, डॉ भीमराव अंबेडकर समिति), डॉ. चंद्रशेखर, सुशील, कमलेश मंडावत शामिल थे, जिन्होंने अपने विचार व्यक्त किए और 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण के उप-वर्गीकरण पर पारित आदेश के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि 1 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति और जनजाति के तहत आने वाली विभिन्न जातियों के लिए आरक्षण में उप-वर्गीकरण करने का आदेश पारित किया था। इस आदेश के अनुसार, आरक्षण के भीतर विभिन्न जातियों के लिए कोटे का विभाजन किया जाएगा। इस निर्णय ने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग में गहरी नाराजगी पैदा की है, जिसके परिणामस्वरूप भारत बंद का आह्वान किया गया है। नगर निगम कोटा दक्षिण के उप महापौर पवन मीणा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि भारत बंद के सफल आयोजन के लिए जिले में ब्लॉक वाइज समितियों का गठन किया जा रहा है। इन समितियों को बंद के दौरान जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। पवन मीणा ने यह भी बताया कि 21 अगस्त को कोटा में अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे इस आंदोलन को प्रभावी और सफल बनाया जा सके। इस बैठक के दौरान सभी ने मिलकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में एकजुटता दिखाने का संकल्प लिया और 21 अगस्त के भारत बंद को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. जोशी का जिलाध्यक्ष चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी का शुक्रवार को कपासन राजमार्ग स्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. जोशी ने आगामी नगर पालिका एवं पंचायती राज के चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मजबूती से जुटने का आह्वान किया। इस अवसर ,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवदयाल शर्मा,जिला कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,कांग्रेस ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लोकेश जाट,सत्यप्रकाश व्यास,राकेश बारेगामा,ऋतिक व्यास,विजय बारेगामा,सुनील प्रधान,पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,भागीरथ जाट, ठाकुर प्रसाद व्यास,उचनार सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश जाट आदि कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 21 साल देश की सेवा कर घर लौटे रिटायर फौजी का जोरदार स्वागत, लोगों ने फूलों से लादा, वाहन रैली निकाली



बढ़ता राजस्थान

**अंता (नि.स.)।** अंता पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रायपुरिया निवासी अब्दुल मुनाफ पठान (फोजी) 21 साल सीआरपीएफ में देश सेवा कर रिटायरमेंट होकर आने पर गांव वालो ने स्वागत किया और रायपुरिया से भोज्याखेड़ी तक तिरंगा रैली निकली। सीआरपीएफ में रहकर 21 वर्ष राष्ट्र रक्षा करके सेवा निवृत्त हुए जवान अब्दुल मुनाफ पठान का ग्रामवासियों ने भारत माता के जयकारों के साथ ढोल ढमाके और हर्षोल्लास से पुष्प बरसाकर स्वागत किया ।ग्राम भोजाखेड़ी माइनर से लेकर सैनिक के घर तक सेवा निवृत्त फौजी अब्दुल मुनाफ पठान (फौजी) को ग्रामवासियों ने जन रैली निकालकर ले गए। जगह-जगह उनका स्वागत पुष्पवर्षा से किया गया साथ ही भारत माता की जय और वन्देमातरम के नारों से पूरी रैली सराबोर हो गई। इस दौरान सरपंच, सिद्दीक भाई, ग़ालिब भाई, बुद्धि प्रकाश नागर, आशीष मालव,राजेंद्र मालव, सलमान खान, जमील गाजी, पीरु लाल बेरवा आदि मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव को आकर्षक श्रृंगार कराया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन(नि.स.)।** क्षेत्र में 78वें स्वतंत्रता दिवस को विभिन्न राजनीतिक,सामाजिक,राजकीय एवं निजी संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा उत्साहपूर्वक विविध कार्यक्रमो के साथ मनाया गया।साथ ही यहां कपासन नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शिवजी को देशभक्ति से ओतप्रोत विशेष आकर्षक श्रृंगार कराया गया।पवित्र श्रावण मास में श्री सोमेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार भक्तो एवं श्रद्धालुओ में आकर्षण का केंद्र बना रहा तथा देवो के देव महादेव के दर्शनों हेतु भक्तो एवं श्रद्धालुओ की रेलमपेल बनी रही।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई

# अधिकारी जन समस्याओं को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारित करें : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** आमजन की जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को डीओआईटी के जनसुनवाई कक्ष में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए आयोजित जनसुनवाई के तहत सभी जिला स्तरीय अधिकारी डीओआईटी के जनसुनवाई कक्ष में उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने एक-एक कर परिवादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और उनके त्वरित गुणवत्ता पूर्वक निस्तारित करने के संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई में अतिक्रमण के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से आए अतिक्रमण हटाने, किसान सम्माननिधि योजना का पैसा दिलाने, सड़क, नाली निर्माण, पानी, बिजली, ड्रेनेज सीवरेज, ई-श्रम कार्ड सहित सरकारी विभागों से संबंधित 35 से अधिक प्रकरणों की सुनवाई करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई की सूचना संपर्क पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश देते हुए उन्होंने 90 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान सतर्कता समिति में दर्ज के प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से आवश्यक चर्चा कर निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कुमार मंडोवरा, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार, जिला कलक्टर (भू.अ.) सुरेंद्र पुरोहित, एसीईओ राकेश पुरोहित, नगर परिषद आयुक्त रविंद्र सिंह यादव, कोषाधिकारी दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ताराचंद गुप्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# बच्चों के झगड़े में उदयपुर सुलगा : कई जगह हिंसा, गाड़ियां जलाईं, मॉल में तोड़फोड़-पथराव; धारा-163 लागू

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में शुक्रवार (16 अगस्त) को सरकारी स्कूल के दो स्टूडेंट के झगड़े के कारण तनाव हो गया। लोगों ने शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़ की और पथराव किया। एक गैरेज में खड़ी कारों को आग भी लगा दी। शाम 7 बजे के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। इसके बाद कलेक्टर ने शहर में धारा-163 लागू कर दी।

शांति बहाली की प्रशासन की कई कोशिशों के बावजूद देर शाम को दो पक्षों के बीच पथराव हो गया। इसके बाद पुलिस ने वहां मौजूद सभी लोगों को खदेड़ दिया। शहर में अभी भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं, रात 8 बजे के बाद किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

घटना सूरजपोल थाना क्षेत्र में सुबह 10.30 बजे हुई। यहां राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल भट्टियानी चौहट्टा में एक स्टूडेंट ने दूसरे छात्र को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद नाबालिग आरोपी फरार हो गया। स्कूल के टीचर घायल स्टूडेंट को महाराणा भूपाल (एमबी) हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में शामिल दोनों स्टूडेंट अलग-अलग धर्म के हैं। मामले का पता चलते ही हिंदू संगठनों ने शहर के चेतक सर्किल, हाथीपोल, अश्विनी बाजार, बापू बाजार और घंटाघर एरिया में दुकानें बंद करवा दीं। इसके बाद भीड़ हिंसक हो गई। कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया- नाबालिग छात्र को हिरासत में लेकर उसके पिता को गिरफ्तार किया गया है। एहतियातन पुलिस तैनात है।

### आरोपी और पीड़ित एक ही क्लास के स्टूडेंट

जिला शिक्षा अधिकारी लोकेश भारती ने बताया- दोनों नाबालिग की उम्र करीब 15 साल है। दोनों एक ही क्लास में पढ़ते हैं। दोनों के बीच पहले क्या विवाद हुआ, इसके बारे में जानकारी नहीं है। जब लंच हुआ तो दोनों के बीच स्कूल के बाहर झगड़ा हुआ। इस झगड़े में एक स्टूडेंट ने दूसरे की जांघ में चाकू से दो-तीन वार कर घायल कर दिया। घायल स्टूडेंट चिल्लाने लगा तो टीचर दौड़कर बाहर आए। बच्चे के परिजन को जब घटना की जानकारी मिली तो वे एमबी अस्पताल पहुंचे। यही नहीं, हिंदू संगठनों के लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचकर नारेबाजी की और घटना को लेकर आक्रोश जताया। हॉस्पिटल में पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है।

### प्रिंसिपल बोलीं- दोनों पढ़ाई में अच्छे, झगड़ते नहीं देखा

प्रिंसिपल ईशा धर्मावत ने बताया- लंच के करीब 5 से 7 मिनट बाद अचानक स्कूल के बाहर से कुछ छात्र चिल्लाते हुए दौड़कर अंदर आए। मैंने तुरंत बाहर जाकर देखा तो हैरान रह गई। स्टूडेंट घायल अवस्था में था। मेरी स्कूटी पर बैठाकर स्टाफ ने उसे तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया। दोनों छात्र पढ़ाई में अच्छे हैं। इससे पहले दोनों को स्कूल में कभी झगड़ते हुए नहीं देखा, न ही सुना। इस तरह की घटना ने हमें भी चौंका दिया।



### उदयपुर शहर में 15 थानों की फोर्स तैनात की गई

उदयपुर एएसपी सिटी उमेश ओझा ने बताया कि शहर के लगभग सभी इलाकों में पुलिस बल तैनात है। इसमें शहर के करीब 15 थानों का जाब्ता लगाया है। पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया है। सभी पुलिस अफसर फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। धारा 163 की पालना कराई जा रही है। लोगों से अपील है कि वे शांति बनाए रखें।

## नरिंदर कौशिक बने एकम संतान भारत दल के ओवरसीज़ प्रेसिडेंट

बढ़ता राजस्थान



**जालंधर( शिव शंकर )।** जालंधर के निवासी और अब कनाडा के नागरिक नरिंदर कौशिक को एकम संतान भारत दल का ओवरसीज़ प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। कौशिक, जो एक गैर-आवासी भारतीय (एनआरआई) हैं, ने अपने सामाजिक कार्यों और भारतीय समुदाय की उन्नति के प्रति समर्पण के लिए यह महत्वपूर्ण पद हासिल किया है।

नरिंदर कौशिक ने जालंधर में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद कनाडा में स्थायी निवास स्थान बनाया और वहां वे भारतीय समुदाय के साथ मिलकर कई सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों में सक्रिय रहे। उन्हें भारतीय मूल के लोगों के लिए एक सशक्त आवाज़ माना जाता है, और वे अपनी कार्यशैली के लिए कनाडा में लोकप्रिय हैं। उनकी नियुक्ति पर एकम संतान भारत दल के नेताओं ने कहा, 'नरिंदर कौशिक की समाज सेवा और नेतृत्व की क्षमता उन्हें ओवरसीज़ प्रेसिडेंट पद के लिए एक उपयुक्त उम्मीदवार बनाती है। हमें पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों में वैश्विक स्तर पर एक नया अध्याय जुड़ेगा।'नरिंदर कौशिक ने अपनी नियुक्ति पर खुशी ज़ाहिर करते हुए कहा, 'मैं इस जिम्मेदारी को लेकर बेहद उत्साहित हूं। एकम संतान भारत दल के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने और प्रवासी भारतीयों के हितों की रक्षा करने में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की कोशिश करूंगा।'

इस नियुक्ति के साथ, नरिंदर कौशिक एकम संतान भारत दल के अन्य प्रमुख नेताओं के साथ मिलकर संगठन की विचारधारा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाने का काम करेंगे।

## इसरो की ईओएस-08 सैटेलाइट लॉन्चिंग सफल : सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी से भेजा गया; एक साल का यह मिशन आपदा का अलर्ट देगा

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने देश के सबसे छोटे रॉकेट एसएसएलवी-डी3 से अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट-8 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया। इसरो चेयरमैन एस सोमनाथ ने बताया, लॉन्चिंग सफल रही। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी। यह सैटेलाइट पृथ्वी की कक्षा से बाहर करीब 475 किमी ऊपर स्थापित किया गया। यह एक साल तक काम करेगा। ईओएस-08 सैटेलाइट का मकसद पर्यावरण और आपदा को लेकर सटीक जानकारी देना है। इससे पहले इसरो ने 15 अगस्त को लॉन्चिंग की तारीख तय की थी। फिर इसे एक दिन बाद लॉन्च किया गया।

## देश का मानसून ट्रैकर : एसडीआरएफ ने केदारनाथ रूट पर 16 दिन से मलबे में दबे 3 शव निकाले; उत्तर प्रदेश के 250 गांवों में बाढ़

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** उत्तराखंड के केदारनाथ में 16 दिन से मलबे में दबे शव एसडीआरएफ ने गुरुवार को निकाले। 31 जुलाई को बादल फटने के बाद यहां करीब 15 हजार लोग फंसे थे। डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अधिकारी ने बताया कि सर्च ऑपरेशन अभी भी चल रहा है। मलबे में दबे कुछ और शव भी मिल सकते हैं। उधर, उत्तर प्रदेश में तेज बारिश से 15 जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। लखीमपुर खीरी के 250 गांवों में पानी भर चुका है। इससे 2.50 लाख लोग प्रभावित हैं। राजस्थान में भी बूंदी के हिंडौली में 9 इंच तक बरसात के बाद बाढ़ के हालात हो गए हैं। आज शुक्रवार को भीलवाड़ा और जोधपुर में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

### एमपी में सिंध नदी उफनाई, टापू पर 8 लोग फंसे

मध्यप्रदेश के शिवपुरी में सिंध नदी उफान पर है। इसके चलते गुरुवार को नदी के किनारे टापू पर 8 लोग फंस गए। सभी 8 लोगों को आज (शुक्रवार को) एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला।

# बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर ने पीएम मोदी को फोन किया

## हिंदुओं की सुरक्षा का भरोसा दिलाया; भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा- वीजा सख्ती लागू रहेगी

बढ़ता राजस्थान


**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी को भरोसा दिलाया।

बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि भारत बांग्लादेश में लोकतंत्र, स्थिरता और शांति की बहाली का समर्थन करता है। मोदी ने बातचीत को लेकर ट्वीटर पर पोस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए भाषण में बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शनों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले लगातार बढ़े हैं। अब तक हिंदुओं पर हमले के 205 से अधिक मामले सामने आए हैं।

### विदेश मंत्रालय बोला- हिंदुओं की स्थिति को लेकर चिंतित

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम स्थिति का लगातार जायजा ले रहे हैं। बांग्लादेश में भारत के हाईकमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के एडवाइजर से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत हुई। बातचीत में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर भी बातचीत हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया





कि बांग्लादेश में वीजा फैसिलिटी को पूरी तरह कानून व्यवस्था सामान्य होने के बाद शुरू किया जाएगा। फिलहाल बांग्लादेश में वीजा पर सख्ती लागू रहेगी। हालांकि, बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों को कॉन्सुलर सुविधाएं दी जा रही हैं।

### दिल्ली में होगा वॉयस ऑफ ग्लोबल-साउथ समिट का आयोजन

वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट के तीसरे संस्करण का आयोजन कल दिल्ली में होगा। इस समिट को वर्चुअल मोड में आयोजित किया जाएगा। समिट में ग्लोबल साउथ के 100 से अधिक देश हिस्सा लेंगे। कल होने वाली समिट की मेजबानी प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। समिट में बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस भी हिस्सा लेंगे। इससे पहले भी भारत ने 12-13 जनवरी 2023 को पहले वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट और 17 नवंबर 2023 को दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का आयोजन किया था। ये दोनों समिट वर्चुअल मोड में आयोजित किए गए थे। इन दोनों समिट में 100 अधिक देशों ने हिस्सा लिया था।

### बांग्लादेश ने सात देशों से राजदूत वापस बुलाए

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अमेरिका, रूस, सऊदी अरब, जापान, जर्मनी,.श्व और मालदीव में तैनात अपने राजदूतों को वापस बुलाने का फैसला किया है। इन्हें शेख हसीना के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, पूर्व प्रिंसिपल सीबीआई हिरासत में

### परिवार को इंटर्न-डॉक्टरों पर भी शक; केंद्र बोला- हेल्थवर्कर्स पर हमला, तो 6 घंटे में एफआईआर कराएं



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले में पीड़ित परिवार से शुक्रवार (16 अगस्त) को सीबीआई ने बातचीत की। परिवार ने अस्पताल के कुछ इंटर्न और डॉक्टर्स पर इस केस में शामिल होने का शक जताया है। सीबीआई ने कहा कि पीड़ित परिवार ने कुछ नाम लिखाए हैं। हम अभी 30 लोगों से पूछताछ करेंगे। सीबीआई ने कहा कि आज दो पीजी ट्रेनी डॉक्टर और एक हाउस स्टाफ को पूछताछ के लिए बुलाया। घटना वाली रात ये लोग पीड़ित डॉक्टर के साथ ड्यूटी पर थे। राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को हिरासत में लिया है। उनसे भी पूछताछ होगी। साथ ही एजेंसी गिरफ्तार आरोपी संजय रॉय को घटना का सीन रिक्रिएट करने के लिए राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल लेकर पहुंची। संजय को 9 अगस्त को ही गिरफ्तार किया गया था। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी आज नया आदेश जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि मेडिकल संस्थानों को हेल्थकेयर वर्कर पर हमले के 6 घंटे के अंदर ही एफआईआर दर्ज करानी होगी।




## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की छठवीं पुण्यतिथि : राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि दी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की शुक्रवार को छठवीं पुण्यतिथि थी। अटल बिहारी का निधन 16 अगस्त 2018 को 83 साल की उम्र में हो गया था। उनकी समाधि सदैव अटल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी कई वरिष्ठ नेता पहुंचे।

दिल्ली में स्मृति स्थल पर हुई प्रार्थना सभा में राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मनोहर लाल खट्टर समेत एनडीए एलायंस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्य भी पहुंचे।

गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीटर पर लिखा- प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने देश को सामरिक और आर्थिक रूप से मजबूत किया। जब भी देश में राजनीतिक शुचिता, राष्ट्रहित के प्रति निष्ठा और सिद्धांतों के प्रति अडिगता की बात होगी, अटल जी को याद किया जाएगा।

### ग्वालियर में हुआ था अटल जी का जन्म

25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अटल जी का जन्म हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी दशकों तक भाजपा का बड़ा चेहरा थे और पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने बतौर पीएम कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने 1977 से 1979 तक प्रधानमंत्री मोराजी देसाई के मंत्रिमंडल में भारत के विदेश मंत्री के रूप में भी काम किया। 16 अगस्त 2018 को दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनका निधन हो गया।

### तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी

अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे हैं। सबसे पहले 1996 में 13 दिनों के लिए वह प्रधानमंत्री बने थे। बहुमत साबित नहीं कर पाने की वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। दूसरी बार वे 1998 में प्रधानमंत्री बने। सहयोगी पार्टियों के समर्थन वापस लेने की वजह से 13 महीने बाद 1999 में फिर आम चुनाव हुए। 13 अक्टूबर 1999 को वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। इस बार उन्होंने 2004 तक अपना कार्यकाल पूरा किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )